

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 23 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-295 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





# रामलला का दर्शन करने आधी रात से ही गेट पर जमे हजारों भक्त

**अयोध्या,23 जनवरी.** राम मंदिर बन चुका है और इसके गर्भ गृह में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गई है। इस शुभ अवसर पर पीएम मोदी समेत देश भर के तमाम दिग्गज नेता फिल्म, खेल और उद्योग जगत से जुड़े हुए चेहरे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अयोध्या पहुंचे थे। इस कारण आम भक्तों को 22 जनवरी को रामलला के दर्शन की अनुमति नहीं मिल पाई थी। हालांकि, आज 23 जनवरी से भक्तों को राम मंदिर में एंट्री मिलनी शुरू हो गई है और लोग अपने भगवान के दर्शन कर पा रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद से भक्त अपने आप को दर्शन करने से रोक नहीं पा रहे हैं। हालत ऐसी है कि हजारों की संख्या में भक्त राम मंदिर के मुख्य द्वार पर इतवने कड़ाके की ठंड में भी सुबह 3 बजे से ही डेरा जमाने पहुंच चुके हैं। भक्त प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहली सुबह पूजा करने और श्री राम लला के दर्शन करने के लिए सुबह बड़ी संख्या में एकत्र हुए हैं। राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा है कि अयोध्या नगरी दिव्य दिखाई दे रही है। इस समय त्रेतायुग की झलक देखने को मिल रही है। अयोध्या भक्तों के समूह से भर गई है, पहले दिन दर्शन के लिए इतने लोग यहां उपस्थित हैं कि आज सभी लोग दर्शन नहीं कर पाएंगे। 4000 संतों के समूह भी आए हैं। आज अयोध्या नगरी राममय दिखाई दे रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक खुला रहेगा। वहीं रामलला को प्रतिदिन सुबह 4 बजे मंत्रों से जगाया जाएगा। इसके बाद मंदिर में मंगला आरती सुबह 4-30 से 5 बजे तक होगी। वहीं राम मंदिर में प्रतिदिन 5 बजे आरती होगी। इसके साथ ही दोपहर में 1 बजे से 3 बजे राम मंदिर में दर्शन बंद रहेंगे। इस दौरान मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। राम मंदिर को देखने को सिर्फ देश से ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के देशों से पर्यटक आएंगे। ऐसा इसलिए कि राम को मानने वाले भक्त दुनियाभर में फैले हुए हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने अपनी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन से शहर में प्रति वर्ष कम-से-कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है।

# राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज करने का निर्देश

**गुवाहाटी,23 जनवरी।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गुवाहाटी में प्रवेश करने से रोके जाने के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को राज्य पुलिस से राहुल गांधी के खिलाफ 'भीड़ को उकसाने' के लिए मामला दर्ज करने को कहा। पार्टी द्वारा आज असम में अपनी प्रमुख 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर से शुरू करने के बाद मंगलवार को गुवाहाटी में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी के साथ लगभग 5,000 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया गया। इसके बाद, पार्टी कार्यकर्ता पुलिस अधिकारियों से भिड़ गए और पुलिस अवरोधकों को तोड़ दिया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। हिमंता ने अपने ट्वीट में लिखा कि ये असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। ऐसी नक्सली रणनीति हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग हैं। उन्होंने कहा कि मैंने डीजीपी असम पुलिस को भीड़ को उकसाने के लिए आपके नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने और आपके द्वारा अपने हैंडल पर पोस्ट किए गए फुटेज को सबूत के रूप में उपयोग करने का निर्देश दिया है। आपके अनियंत्रित व्यवहार और सहमत दिशानिर्देशों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप अब गुवाहाटी में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया है। गुवाहाटी सीमा के करीब एक सभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता कभी भी नियम नहीं तोड़ेंगे और कानून-व्यवस्था को बाधित नहीं करेंगे; हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हम कमज़ोर हैं। उन्होंने कहा कि असम के सीएम, केंद्रीय गृह मंत्री और पीएम नियम तोड़ सकते हैं, लेकिन हम (कांग्रेस) ऐसा कभी नहीं करेंगे। हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हम कमज़ोर हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता 'बब्बर शेर' हैं। गुवाहाटी के लिए रवाना होने से पहले, पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के सीएम को उन्हें छात्रों से मिलने से रोकने का निर्देश दिया, जो आज के लिए निर्धारित था।



## संक्षेप

### अरविंद कुमार छग हाईकोर्ट के नये जस्टिस नियुक्त

**बिलासपुर,23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रहे अरविंद कुमार वर्मा



को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के नये जस्टिस नियुक्त किया गया है उक्त नियुक्त का नोटिफिकेशन कल 22जनवरी को भारत सरकार के विधि विभाग के जस्टिस डिपार्टमेंट के डिप्टी सेक्रेटरी नारायण प्रसाद जारी किया है ।

### राजधानी में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली,23 जनवरी।** देश की राजधानी में आज सुबह ही भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 मापी गई। बताया जा रहा है कि नेपाल-चीन सीमा के पास ये झटके महसूस किए गए। झटका इतना जबरदस्त था कि लोग अपने घरों से बाहर निकल गए।

### आईएएस एस. प्रकाश को अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर,23 जनवरी।** 2005 बैच के आईएएस एस. प्रकाश को निःशक्तजन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. जिसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने जारी किया है.

### आईएएस प्रियंका को स्टेट स्वीप अवार्ड

**रायपुर,23 जनवरी।** आईएएस प्रियंका शुक्ला को निर्वाचन कार्य में उल्लेखनीय कामों के लिए स्वीप अवार्ड दिया जायेगा। कलेक्टर रहते कांकेर में डॉ प्रियंका ने 2023 निर्वाचन में



बेहतरीन काम किया था। उनके ही प्रयासों का नतीजा था, कि तीन विधानसभा वाले कांकेर जिला में पिछली बार से बेहतर वोटिंग परसेंटेज रहा। 2023 विधानसभा के अंतिम अधिकारिक आंकड़ों में कांकेर का कुल वोटिंग परसेंटेज 80.67 रहा था, जिसमें अंतागढ़ में 79.79, भानुप्रतापपुर में 81 और कांकेर में 81.14 वोटिंग हुई थी। नक्सली क्षेत्र होने के बावजूद कांकेर में बढ़े वोटिंग प्रतिशत को निर्वाचन आयोग ने भी काफी सराहा था। कांकेर में अब तक के हुए चुनावों में ये सर्वाधिक वोटिंग परसेंटेज था।

### सेना का विमान क्रैश, 6 घायल

**आईजोल 23 जनवरी.** मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे के पास एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां म्यांमार की सेना का एक विमान क्रैश हो गया है। एक सैन्य विमान आज मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में पायलट के साथ 14 लोग सवार थे। मिजोरम डीजीपी ने जानकारी दी कि घायलों को लेंगपुई अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बता दें कि म्यांमार में चल रहे सत्ता संघर्ष की दौरान स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# छग को मिला एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य को गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए एक और राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। केन्द्रीय कोयला एवं खान



मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य खनन मंत्री सम्मेलन में गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ को देशभर में द्वितीय बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड से नवाजा है। यह पुरस्कार भारत सरकार के खनन मंत्रालय द्वारा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए खनिज विभाग के सभी अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय खनन मंत्री सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से अनुराग दीवान, संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन) एवं इंचार्ज ऑक्शन तथा श्री संजय कनकने संयुक्त संचालक (भौमिकी) द्वारा अवार्ड प्राप्त किया गया।

गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष 2015 उपरांत राज्य में ईऑक्शन के माध्यम से कुल 35 आबंटित गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों में से 20 खनिज ब्लॉकों का आबंटन वर्ष 2022-23 में किया गया है। इनमें 02 चूनापत्थर, 09 लौह अयस्क, 05 बाक्साइट ब्लॉक्स एवं 02 निकल-क्रोमियम-प्लेटिनम-ग्रुप ऑफ एलीमेंट एवं 02 ग्रेफाइट खनिज सहित कुल 20 ब्लॉक्स का ई-ऑक्शन के माध्यम से खनिज पट्टा-कांपोजिट लायसेंस आबंटन किया गया। प्रदेश में बहुमूल्य एवं सामरिक महत्व के खनिजों के अन्वेषण एवं दोहन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सितंबर, 2022 में राष्ट्रीय स्तर का स्टेकहोल्डर्स कॉन्फ्रेंस कराया गया था।

खनिज अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निकल-क्रोमियम-प्लेटिनम-ग्रुप ऑफ एलीमेंट खनिज ब्लॉक का आंबटन करने वाला देश का पहला राज्य है।

# बस्तर संभाग के सभी जिलों में बंद का व्यापक असर

■ तरुण छत्तीसगढ़




**किरंदुल,23 जनवरी।** सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग के आव्हान पर बंद का व्यापक असर दंतेवाड़ा जिले में दिखा.व्यापारी संघ और ठेकेदार यूनियन का इस बंद में बड़ा सहयोग रहा. बस्तर संभाग सर्व आदिवासी समाज ने सरकार पर आरोप लगाते हुए एक दिवसीय बंद का आव्हान किया था इस बंद में मुख्य दो बिंदु थे जिसमें छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में हसदेव का जंगल भारत के बड़े जंगल क्षेत्रों में से एक है। हसदेव का जंगल एक लाख सत्तर हजार हेक्टेयर वन क्षेत्रों में फैला वनों से आच्छादित एक बड़ा भू - भाग वाला इलाका है। यहां कई प्रकार के पेड़ - पौधे जानवर और पशु - पक्षी पाए जाते हैं। यह जंगल कई दुर्लभ और विलुप्त होती पशु - पक्षियों एवं वनस्पतियों को अपने गोद में शरण देकर बचाए हुए हैं। हसदेव जंगल में हसदेव नदी बहती है, जिसे छत्तीसगढ़ की जीवन दायिनी, जीवन रेखा भी कहते हैं। इसी हसदेव नदी में मिनीमाता बांगो बांध का निर्माण किया गया है। हसदेव अरण्य में हजारों वर्षो से कई आदिवासी प्रजापति निवास करती है। केन्द्र - राज्य के हसदेव के जंगल कांटने की नीति से एक बड़े इलाके का न केवल इंसानी जिंदगी अपितु पेड़ - पौधे, जीव - जन्तु वनस्पति हमेशा - हमेशा के लिए मर जायेंगे।सरगुजा संभाग में अदानी कंपनी को कोयला खनन हेतु दी गई लीज तत्काल निरस्त करे और बिना ग्राम सभा के जंगल की कटाई की जा रही है वहा बंद करने और बीजापुर जिले के मुदवेंदी गांव में 6माह की बच्ची मंगली की फर्जी मुठभेड़ कर करने वाले जवानों पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी करवाई करने और पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी के साथ मुआवजा देने की मांग को लेकर संपूर्ण बस्तर संभाग बंद किया गया था सभी जिले में बंद का व्यापक असर देखने को मिला

# कांग्रेस ने पूरे छत्तीसगढ़ में रोहिंग्याओं को बसाया : टी राजा

**रायपुर,23 जनवरी।** निजी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने तेलंगाना के गोशामहल के विधायक टी राजा आज रायपुर पहुँचे । इस मौके पर हिंदूवादी संगठनों ने उनका जोरदार स्वागत किया। टी राजा के इस दौरे को लेकर पिछले दिनों सुको ने जिला कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिए थे लिहाजा उनके प्रवास के दौरान पुलिस की तैनाती भी नजर आई। रोहंगियाओ को लेकर भी टी राजा ने बड़ा बयान दिया हैं। कहा पिछली सरकार का पाप फूटा तो जनता ने कांग्रेस को हटा दिया। कांग्रेस ने बड़ी संख्या में रोहिंग्याओं को बसाया हैं। रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में रोहंगिया को बसाया गया हैं। ये रोहिंग्या इतने खतरनाक हैं कि इंसान खा जाते हैं। टी राजा ने रायपुर



पहुँचते ही यहाँ हुए धर्मांतरण का जिक्र किया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में जमकर धर्मांतरण हुआ हैं। टी राजा ने प्रदेश की भाजपा से सरकार से आह्वान किया कि यहां एक एंटी कनवर्जन विंग बनाया जाये। विधायक ने यह दवा भी किया कि कनवर्जन नहीं रोका तो। अगली पीढ़ी भगवान को राम पहचान भी नहीं पाएगी। साथ ही कहा कि आज से हिंदू राष्ट्र बनाने तक परिवार का त्याग करते हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने की शहर सरकार के कार्यों की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,23 जनवरी।** नवा रायपुर में डिप्टी सीएम और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में यह बैठक चल रही है। इसमें प्रदेश के 183 निकायों के अफसर शामिल हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और संचालक कुंदन कुमार की मौजूदगी में चल रही इस बैठक में शहर सरकारों के बजट के साथ पूरे कामकाज की समीक्षा चल रही है। इसमें प्रदेश के सभी 183 नगरीय निकायों के आयुक्त और सीएमओ बुलाए गए हैं। बैठक में शहर सरकार के कामकाज की मुख्य रुप से 6 बिंदुओं पर समीक्षा होगी। नगरीय



प्रशासन विभाग के अफसरों के अनुसार एजेंडा में नगरीय निकायों की वित्ती स्थिति भी शामिल है। ऐसे में निगम कमिश्नरों और सीएमओ को निकाय का पूरा खाता बही लेकर आने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि राज्य में कुल 183 नगरीय निकाय हैं। इसमें 14 नगर निगम, 47 नगर पालिका परिषद और 122 नगर पंचायत शामिल हैं। बैठक के एजेंडा में निकाय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा पहला विषय है। इसमें निकाय क्षेत्र में विभिन्न मदों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा होगी। निकायों के कर संग्रहण की स्थिति, साफ-सफाई और वेतन भुगतान की स्थिति भी शामिल है। एजेंडा में प्रधानमंत्री आवास योजना भी शामिल हैं। बता दें कि पीएम आवास योजना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। राज्य सरकार ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों 18 लाख गरीबों को आवास देने का लक्ष्य रखा है।

# भूपेश बघेल ने कोर्ट में किया सरेंडर

**रायपुर,23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोरोना नियमों का उल्लंघन करने के आरोप वाले मामले में सोमवार को कोर्ट में समर्पण कर दिया है। जिसके बाद अदालत ने उनकी जमानत मंजूर कर ली है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। कोर्ट ने उनको तलब किया था। अधिवक्ता की तरफ से भूपेश की सरेंडर अर्जी दाखिल की गई। उस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जमानत दे दी। भूपेश समर्थकों के साथ सोमवार को गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय पहुंचे थे। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पंखुड़ी पाठक और अनिल यादव न्यायालय पहुंचे। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रजनीश ने कोर्ट में दलील



दी कि भूपेश बघेल को राजनीतिक द्वेष में फंसाया गया है। उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उनकी वजह से कोई बीमारी नहीं फैली है। इस तर्क पर कोर्ट ने जमानत अर्जी स्वीकार की है। अधिवक्ता रजनीश यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के चुनाव प्रचार में नोएडा आए थे।

# दुकान में जा घुसा तेज रफ्तार हाइवा

**बलौदाबाजार,23 जनवरी।** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां रेत से भरा तेज रफ्तार हाइवा दुकान में जा घुसा. हादसा इतना भयानक था कि, दुकान पूरी तरह ढह गई और मलबे के बीच हाइवा फंस गया. वहीं वाहन में चालक और परिचालक बुरी तरह फंसा गए थे. पुलिस ने दोनों को 12 घंटे की जद्दोजहद के बाद बाहर निकालकर अस्पताल रवाना कर दिया है. जानकारी के अनुसार, पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम वटगन में बीती रात बड़ा हादसा हुआ है. जहां रेत से भरा तेज रफ्तार हाइवा आटोपार्टस के दुकान में जा घुसा, जिससे दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. वहीं दुकान का पूरा



मलबा हाइवा पर जा गिरा, जिससे चालक परिचालक हाइवा के अंदर ही फंस गए हैं. घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी दीपक झा ने पलारी पुलिस को तत्काल रेस्क्यू करने के निर्देश दिए. जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से चालक और परिचालक को 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाल लिया है. बता दें कि, पूरे प्रदेश में यातायात जागरुकता माह मनाया जा रहा है. वहीं इस तरह के हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. पलारी के वटगन में जहां यह घटना हुई है, इस क्षेत्र में रेत की बड़ी-बड़ी खदानें हैं. जहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में रेत से भरे वाहन गुजरते हैं और इस तरह के कई हादसे इस क्षेत्र में हो चुके हैं. घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है. वहीं लोगों का कहना है कि रेत खदान संचालकों पर प्रशासन कठोर कार्रवाई करे और चालकों को धीरे चलाने कहे, जिससे इस तरह के हादसे रुक सके.

# कूनो में नामीबियाई चीता ज्वाला ने तीन शावकों को दिया जन्म

**भोपाल,23 जनवरी।** कूनो नेशनल पार्क से एक अच्छी खबर सामने आई है। कूनो में नए मेहमान आए है। नामीबिया से आयी मादा ज्वाला चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह



जानकारी दी है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि'ज्वाला नाम की नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। यह नामीबियाई चीता आशा द्वारा अपने शावकों को जन्म देने के कुछ ही सप्ताह बाद आया है। देश भर के सभी वन्यजीव अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं और वन्यजीव प्रेमियों को बधाई।' कूनो नेशनल पार्क में पिछले एक महीने में दो बार खुशखबरी आई है। इससे पहले 3 जनवरी को मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। अब चीता ज्वाला ने तीन नए शावकों को जन्म दिया है। एक महीने में कूनो नेशनल पार्क में 6 नए चीते आए हैं।

# वीरता पुरस्कार के लिए चार बच्चों का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,23 जनवरी।** राज्य वीरता पुरस्कार 2023 हेतु 4 बच्चों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के अनेक सदस्यों की सक्रियता द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को भेजा गया प्रकरण राज्य वीरता पुरस्कार 2023 हेतु चयनित किया गया है । (1) प्रेमचन्द साहू उम्र 9 वर्ष पिता श्री सुखदेव साहू एवं (2) लोकेश साहू उम्र 13 वर्ष पिता श्री सुखनंदन साहू दोनों निवासी ग्राम रामपुर (चम्पारण) जिला रायपुर ने तालाब में डूबते हुए बालक









पुष्पेन्द्र साहू की जान बचाई (3) अरनव सिंह उम्र 16 वर्ष पिता श्री सुरेश कुमार सिंह ग्राम उदयपुर , अम्बिकापुर जिला सरगुजा ने आगजनी होने की सूचना प्रशासन को दिया और चौकीदार राहुल एवं सोते हुए 3 अन्य लोगों की जान बचाई (4) मूक बधिर दिव्यांग बालक ओम उपाध्याय उम्र 16 वर्ष पिता श्री नीरज उपाध्याय ,कोहका भिलाई जिला दुर्ग ने कुत्तों के झुंड से एक बच्चे की जान बचाई । चयनित होने पर सभी को बहुत बहुत बधाई एवँ चयनित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं इसी प्रकार निडर होकर दुसरो की मदद करते रहें । राजेन्द्र कुमार निगम संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद।

## एक नजर

### मोती ज्वेलर्स में चोरी

**भिलाई, 23 जनवरी।** भिलाई पाटन थाना क्षेत्र स्थित मोती ज्वेलर्स में तकरीबन सात, आठ अज्ञात चोरों ने दुकान को निशाना बनाते हुए सामान लेकर भाग निकले। घटना सुबह 3 बजे की है। चोरों ने कुछ मिनट में शटर तोड़कर सामान लेकर फरार हो गए पुराना बाजार चौक पर स्थित मोती ज्वेलर्स के पास एक कार में 7 से 8 लोग आए फिर ज्वेलरी दुकान के पास कार को रोक कर सभी लोग शटर को तोड़ने का प्रयास किया कुछ मिनट में शटर को तोड़ कर दुकान के अंदर से निकाले सामान को कार के अंदर रख फरार हो गए। उक्त दृश्य दुकान के बाहर एवं अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई मोती ज्वेलर्स के मालिक ने बताया कि दुकान में चांदी के सामान के साथ आर्टिफिशियल सामना की चोरी हुई है 2 लाख के सामान चोरी होने की बात उन्होंने कही है उन्होंने बताया कि किसी तरह की नगद राशि की चोरी नहीं हुई है पुलिस ने बताया कि पहुंचे चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ज्वेलर्स की दुकान के साथ आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। मौके पर डॉग स्क्वाड की टीम पहुंच गई है सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस मोती ज्वेर्ल्स की दुकान में लगे कैमरे में दुकान के शटर तोड़ने डिने से से लेकर सामान की चोरी कर गाड़ी में रखते दिखाई दे रहे हैं।पुलिस मुख्य चौक चौराहों के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है चोर इतने शातिर थे कि वाहन के पीछे लगे नंबर प्लेट को काले रंग से रंग दिया था इससे नंबर स्पष्ट दिखाई नहीं दिए।

### चोर,चोरी का वाहन खरीदने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जनवरी।** भिलाई अंतर जिला वाहन चोर व चोरी के वाहन खरीदने वाले एक खरीदार को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपितों के पास से चोरी की छह गाड़ियां जब्त की गई हैं। आरोपित ने छावनी, जामुल, भिलाई नगर और पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावा आरोपितों ने रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र से भी वाहन चोरी किए थे आरोपितों से जब्त वाहनों की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये आकी गई है आरोपितों के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है एएसपी ( शहर ) अभिषेक झा ने बताया कि गिरोह में शामिल आरोपित सेक्टर-दो निवासी किशन देवांगन (38) और कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी शेखर विश्वकर्मा (19) को गिरफ्तार किया गया है आरोपितों में से किशन देवांगन ने सब्जी मार्केट पावर हाउस पावर हाउस ब्रिज के नीचे, कुरूद सब्जी बाजार, तेलीबांधा रायपुर, भिलाई तीन चरोदा क्षेत्र से अलग अलग समय में पांच बाइक चोरी की थी। इसके साथ ही आरोपितों ने सेक्टर- छह जुबली पार्क के सामने से भी एक बाइक चोरी की थी और उसे आरोपित शेखर विश्वकर्मा से बेचा था बाकि की गाड़ियों को आरोपित ने जिसे अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखा था। आरोपित की निशानदेही पर चोरी की पांच अन्य गाड़ियों को भी जब्त किया गया है

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**पाटन।** ग्राम बोरीद के तालाब में डूबने से एक 3 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई पुलिस ने बताया कि घर के पास तालाब है, जहां मृतक हार्दिक यादव पिता डामेंद्र यादव 3 वर्ष है इसकी मौत तालाब में डूबने से हो गई है जब कुछ लोगों ने बच्चे को तालाब में देखा, तो उसे आनन फानन में स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया इससे परिवार में मातम छा गया है ।




**भिलाई, 23 जनवरी।** अंतराष्ट्रीय चित्रकार बृजेश तिवारी द्वारा बनाई गयी भगवान श्री राम की मनमोहक रंगोली।

# वर्षों की तपस्या, संघर्ष एवं बलिदान का प्रतिफल है अयोध्या में श्रीराम मंदिर : प्रेमप्रकाश पांडेय



**भिलाई, 23 जनवरी।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर लघु भारत भिलाई में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने लोगों को अपनी शुभकामनायें दीं। वे भिलाई में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने इस ऐतिहासिक क्षण पर हर्ष जताते हुए कहा कि 5 सदियों के लंबे इंतजार के बाद रामलला अपने मंदिर में विराजे हैं, इससे सुखद कुछ नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से यह शुभ कार्य सम्पन्न हुआ। निश्चित ही यह ऐतिहासिक दिन है जिसे भव्य रूप से हम सभी मनाएंगे और श्रीराम ज्योति से अपने घरों को रोशन करेंगे। पाण्डेय न्यू खुर्सीपार वार्ड 47 में आयोजित भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान भगवान राम के जयकारों से पूरा माहौल भक्ति में हो गया। भगवान राम के शोभायात्रा के दौरान भगवान राम के भजन कीर्तन पर राम भक्त जमकर थिरके। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान राम भक्तों ने जमकर आतिशबाजी की। पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है यह क्षण हमें यूं ही नहीं मिला है। इसमें अनेक राम भक्तों की वर्षों की तपस्या, संघर्ष एवं बलिदान है। हम लोग बड़े ही सौभाग्यशाली हैं जो आज इस ऐतिहासिक और दिव्य क्षण के साक्षी बन रहे हैं। बड़े गर्व व सौभाग्य की बात है कि 500 वर्ष के इंतजार और कलियुग के वनवास के बाद हमारे प्रभु श्री रामलाल अपने भव्य और दिव्य मंदिर में पधार रहे हैं। आज केवल अयोध्या नगरी ही नहीं बल्कि पूरे देश राममय होगा। जिस प्रकार देश के जन-जन में उमंग व उत्साह है वह दर्शाता है कि लोगों को वर्षो पुराना सपना अब पूरा हुआ है। शोभायात्रा के पश्चात पाण्डेय खुर्सीपार थाना में आयोजित चौकी कार्यक्रम, श्रीराम चौक मैदान मे आयोजित कार्यक्रम एवं बालाजी नगर में आयोजित हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से भेंट करते हुए उन्हें इस प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दीं।

## विधायक देवेंद्र की पहल पर मानव परिसर में लगेगी हनुमान की विशाल प्रतिमा



भिलाई, 23 जनवरी। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विधायक देवेंद्र ने पहल की है कि सेक्टर 9 हनुमान मंदिर मानव परिसर में हनुमान जी की दुर्ग जिले की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और विधि विधान से पूजा किया जायेगा। विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर सेक्टर 1 शारदा मंदिर से हजारों भक्तों के साथ सेक्टर 9 हनुमान मंदिर तक पैदल ध्वज यात्रा निकाली जाती है हर वर्ष एक जनवरी को मंदिर परिसर को सजाया जाता है एवं हनुमान जन्मोत्सव पर हजारों भक्तों को के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। यादव ने अपने कार्यकाल में खुर्सीपार में श्रीराम चौक का भी निर्माण कराया है। अयोध्या जी में श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शाम 6ः00 बजे भव्य आरती एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया।



## श्री राम आरती में शामिल हुईं विधायक देवेंद्र की माताश्री

**भिलाई, 23 जनवरी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा श्री राम चौक में प्रभु श्री राम की भव्य आरती का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में दिए जलाए गए एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया। विधायक देवेंद्र यादव की मां पुष्पा यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुई एवं प्रभु श्री राम से की आरती कर पूरे भिलाई के लोगों के सुख समृद्धि की कामना की।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुति






**उतई, 23 जनवरी।** रिज्म पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन शुक्रवार दिनांक 19 जनवरी को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर थे, समारोह का उद्घाटन संस्था प्रबंधक श्री रुपेश कुमार गुप्ता, श्रीमती सविता धवस पार्षद भिलाई, श्री नरेंद्र स्वर्णकार चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद कॉलेज के द्वारा दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना से किया गया। अतिथियों का स्वागत फ्लावर पॉट से किया गया। तत पश्चात प्रिज्म पब्लिक स्कूल महका खुर्द की प्राचार्या श्रीमती केमलता साहू और प्रिज्म पब्लिक स्कूल उतई की प्राचार्या श्रीमती स्वर्णलता पाल के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक रामायण पर आधारित प्रस्तुति प्री प्राइमरी के बच्चों के द्वारा दी गई, कोरोना वॉरियर्स डॉक्टर की भूमिका, सोशल मीडिया एडिक्शन , झांसी की रानी ,स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान, क्लासिकल, राष्टीय एकता एवं देशभक्ति पर आधारित शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति ने दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया एवं वे प्रफुल्लित हो उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ललित चंद्राकर ने अपने स्कूल के समय को याद किया कि वह अपने स्कूल के शिक्षकों का बहुत सम्मान करते थे। संस्था द्वारा हमारे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मिडिया बंधुओ का भी सम्मान किया गया. जिसमे वरिष्ठ पत्रकार रोम शंकर यादव जी, देवेन्द्र पटेल, किशन हिरवानी एवं सुरेन्द्र शर्मा जी का सम्मान किया गया 7लगभग 700 अभिभावक प्रांगण में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया । अंत में श्रीमती पार्वती साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## श्रीगुहा निषादराज जयंती समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल



**कवर्धा, 23 जनवरी।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज कवर्धा में आयोजित श्रीगुहा निषादराज जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने जयंती पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को दिलाने का प्रयास किया जाएगा । उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारन्टी को पूरा कर रही है। इस दौरान पोखराज परिहार, राम प्रसाद बघेल, जग्गू साहू, उमंग पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रामभक्त और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## हनुमान गार्डन में श्रीराम और हनुमान की पूजा की



कवर्धा, 23 जनवरी। शाम होने पर बच्चे , यूवा , लोग , महिलाए हनुमान गार्डन पहुंचते हुए दिखे और दिया जलाकर श्रीराम और हनुमान भगवान की पूजा करते हुए दिखे । 2100 से अधिक दिए जलते हुए दिखे । सभी लोगो मे उत्साह दिखा । लोगो ने बताया की शीतला मंदिर और सभी मंदिरों में दिया जलाने जा रहे है और घरों में भी दिया जलाएं । दीवाली जैसा माहौल दिखा पोड़ी में ।

## कुम्हारपारावासियों ने श्रीराम की पूजा की



**कवर्धा, 23 जनवरी।** पोड़ी गांव में पीपल के पेड़ के नीचे कुम्हारपारावासियों ने श्रीराम नाम का दिया जलाकर श्री राम भगवान की पूजा की । पूजा के उपरांत अनार जलाकर फटाखे फोड़कर कुम्हारपारा में दिवाली मनाई । बलराम कुंभकार और लोगो ने कहा की अगले साल फिर 22 जनवरी 2025 को दिवाली मनाएंगे । घरों के प्रांगण में दिए जलाते हुए दिखे । घरों के सामने महिलाओ ने रंगोली बनाई । शाम को मंदिर पहुंचकर दिया जलाकर नारियल चढ़ाकर देवी देवताओं की पूजा की ।

## कपिल ध्वज शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा



**कवर्धा, 23 जनवरी।** श्रीमती उषा ठाकरे और प्रेमांशु ठाकरे सहित पूरे परिवार ने कपिल ध्वज शिव मंदिर नेचर सीटी कालोनी बिलासपुर में श्रीराम और सभी देवी देवताओं की पूजा की । दिया जलाकर और मिठाई और फूल चढ़ाकर पूजा की । श्रीमती उषा ने कहा की आज भारत देश राम मय हो गया है और 22 जनवरी 2025 को फिर से दिवाली मनाएंगे ।

## सड़क सुरक्षा माहः छात्र-छात्राओं को दिया यातायात संबंधी प्रशिक्षण

**भिलाई, 23 जनवरी।** सड़क सुरक्षा माह के सातवें दिन यातायात कार्यालय नेहरू नगर में लगाई गयी प्रदर्शनी में एनएएस के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही यातायात नियम सड़क संकेत, रोड मार्किंग, ट्रैफिक सिग्नल, वाहन चलाते समय हम क्या नहीं करना चाहिए एवं किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं से कहा गया कि जब आप आज




स्कूल से अपने घर जाएँ तो अपने परिजन, पडोसी, दोस्त, भाई, बहन को इन बातों को जरूर बताएं एवं उनसे अपील करें कि वाहन चलाते समय यातायात नियम का पालन करें। आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओ के लिए यातायात कार्यालय नेहरू नगर में यातायात नियम संबंधित मॉडल बैनर पोस्टर एवं यातायात गेम जोन बनाया गया है जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं को आरक्षक विजय शर्मा द्वारा यातायात नियम संबंधी प्रशिक्षण प्रदान की गई एवं यातायात से संबंधित गेम एवं सही जोड़ी गेम खिलाया गया। जिसे खेलकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए और खेल-खेल में यातायात नियमों की जानकारी प्रदान हुई। जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्राम सारमे में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अंजोर रथ में लगे एलईडी स्क्रीन में किन किन कारणों से सडक दुर्घटनाएं होती है वीडियो क्लीप के माध्यम से दिखाया गया व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों का यातायात नियम के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# करोड़ों रामभक्तों के आस्था और कारसेवकों के संघर्ष का प्रतीक है राम मंदिरःभावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 23 जनवरी। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा होने के साथ ही एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी एक बड़ी गारंटी को पूरा कर देशवासियों के दिलों में एक विशेष जगह बनाई है। आज पूर्ण विधि विधान से अयोध्या में श्रीराम जी की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही 500 वर्षों से चले आ रहे राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा हो गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देशवासियों से इस दिन को विशेष उत्सव एवं दीपोत्सव के रूप में मनाने का आग्रह किया था जिसमें देशवासियों ने भी बड़ी जनभागीदारी निभाई। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा में भी विभिन्न स्थानों में इस उत्सव को भव्य रूप से मनाया गया। जगह जगह आम जनता एवं सर्व समाज द्वारा आपसी सहयोग से रामलाल के आगमन पर जगह-जगह भंडारे, प्रसादी वितरण, कलश यात्रा एवं मंदिरों की साज-सज्जा से लकर हवन-पूजन का कार्यक्रम भी किया गया, दीपोत्सव मनाया गया जिसमें पंडरिया विधायक भावना बोहरा भी शामिल हुई और सभी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर की बधाई व शुभकामनाएं दी।

विधायक भावना बोहरा क्षेत्रवासियों तथा सर्वसमाज द्वारा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित माँ महामाया मन्दिर से कलश यात्रा, मल्लाह समाज के मन्दिर का स्थापना एवं कलशयात्रा, महामाया चौक में कारसेवकों का सम्मान, बड़े पुल हनुमान मंदिर एवं गांधी चौक में आरती, ग्राम सेन्हाभाठा मे राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा, रणवीरपुर मे श्री राम मन्दिर में महाआरती एवं भंडारा कार्यक्रम व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुईं और सबको बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम भी देखा और कारसेवकों को सम्मानित भी किया।इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन मेरे साथ-साथ करोड़ों धर्म प्रेमियों और रामभक्तों के लिए बहुत ही अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण है। करोड़ों भारतवासियों के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के भव्य-दिव्य और नव्य मंदिर का अयोध्या धाम में निर्माण होना रामराज्य की ओर बढ़ते भारत का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस खुशी को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, परम पूजनीय सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी तथा समस्त पूज्य साधू संतों व धर्माचार्यों की उपस्थिति



में पूरे विधि-विधान से श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न होने से मन आनंदित भी है और भावुकताओं से भरा हुआ भी है। हजारों कारसेवकों तथा रामभक्तों की प्रतीक्षा आज पूर्ण हुई है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवानी जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के संकल्पों एवं प्रभु श्रीराम जी के इस मंदिर के लिए सदियों से संघर्षरत रहे सभी कारसेवकों का और जिन्होंने बलिदान दिया है उनका आभार व्यक्त कर उन्हें नमन करती हूं। नए भारत के निर्माण में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अपनी कटिबद्धता को प्रमाणित करने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री जी को अनेक साधुवाद जिनके अथक परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प से आज हमें इस ऐतिहासिक व गौरवमयी क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। भावना बोहरा ने आगे कहा कि पूरा भारत देश और विशेषकर माताओं-बहनों एवं नौजवानों में अद्भुत उत्साह व उमंग का वातावरण है। आज देश के कोने-कोने में 550 वर्षों के इस धैर्य और तपस्या के पूर्ण होने का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में भव्य आरती, पूजा-पाठ, जगह जगह प्रसाद वितरण एवं भंडारा तथा शोभा यात्रा निकालकर हर व्यक्ति, वर्ग एवं समाज अपने अपने तरीके से रामजी के आगमन का उत्सव मनाया। घरों में राम ज्योति जलाकर अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के आगमन को दीपोत्सव के रूप में मनाया गया, यह पहली बार होगा जब एक वर्ष में दो बार पूरे देशवासी दीपावली का त्योहार मनाएंगे। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के भी संकल्पों को नमन करती हूँ जिन्होंने 11 दिनों तक इस अनुष्ठान को किया, उसके बाद भी उनमें जरा भी उर्जा की कमी नहीं दिखाई दी, कार्यों का सुचारू रूप से सञ्चालन हुआ, अनुष्ठान के दौरान हर विधि-विधान को उन्होंने पूर्ण किया, अपने कर्तव्यों एवं कार्यों के प्रति उनका यही समर्पण भाव हम सभी करोड़ों कार्यकर्ताओं को प्रेरित, प्रोत्साहित करता है और अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए उर्जा प्रदान करता है। पण्डरिया नगर में विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों के साथ अयोध्या में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव भाषण भी सुना। प्रधानमंत्री जी के भाषण के विषय में भावना बोहरा ने कहा कि आज देशवासियों को प्रधानमंत्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि ÷आज हमारे राम आ गए हैं। सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों के अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए हैं।÷ यह कहते समय उनके मनोभाव और आँखों में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के प्रति भक्तिभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी और साथ ही मन में यह संतोष भी था की करोड़ों रामभक्तों की आस्था के प्रति श्रीराम आज टेंट से निकलकर अपने नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमन हो रहें हैं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी ने अन्न का त्याग कर 11 दिनों का उपवास किया। ऐसा तपस्वी राष्ट्रीय नेता भारत को मिलना सामान्य बात नहीं है। यह हम सभी सवा सौ करोड़ देशवासियों के लिए गर्व की बात है। मैं आज इस उत्सव में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित होने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

## एक नजर

### शिवसेना ने प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली



**रायपुर 23 जनवरी।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर राजधानी रायपुर में शिवसेना के युवा नेता आशिष परिडा के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम जी की शोभायात्रा शारदा चौक हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, बैजनाथ पारा, छोटा पारा, सदर बाजार, तात्यापारा होते हुए फूल चौक नवीन मार्केट तक निकाली गई, जिसमे जगह जगह व्यपारियों के द्वारा फुल मलाओ से स्वागत किया गया और प्रशाद वितरण किया गया, इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, संतोष शुक्ला, संजय सोनकर, राकेश यदु, नरेन्द्र प्रजापति, संजू साहू, हिमांशु शर्मा, किशन साहू, गिरिराज देवांगन, गौतम साहू, अमर नायक, गोविंद साहू, देवराज साहू, आकाश सोनी, रोहित विश्वकर्मा, राहुल राजपूत, चांद यादव एवं सैकड़ो की संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित हुए ।

### सरयूपारीण ब्राम्हण सभा भवन में 501 दीप जले



**रायपुर 23 जनवरी।** मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के अयोध्या में मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा केअवसर पर सरयूपारीण ब्राम्हण सभा रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा 501 दीप जलाकर सुंदरकांड का पाठ कर उत्सव मनाया गया। सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के संजयनगर रिंगरोड स्थित भवन में स्थापित सन्त तुलसीदास जी की प्रतिमा में उपस्थित समाज के लोगों के द्वारा माल्यार्पण के साथ सस्वर रामायणजी का पाठ प्रारम्भ किया गया। भजन मंडली के द्वारा सुन्दरकाण्ड का पाठ ऊपरान्त 501 दीप जलाकर आरती पूजन किया गया।भवन को भी रंगबिरंगी लाइट फूलमालाओं से सजाया गया। इस अवसर पर डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के साथ सर्व श्री कल्याण प्रसाद पांडे,राममूरत तिवारी मित्रेश दुबे,डी एस परोहा, श्री आर एल द्विवेदी, श्री शिव मूरत तिवारी, श्री शम्भू प्रसाद पान्डेय राजेन्द्र शर्मा,, श्री विजय धर दीवान, श्री मथुरा प्रसाद तिवारी, श्री राजेश त्रिपाठी, श्रीदेवी प्रसाद तिवारी, श्रीरामहृदय तिवारी, श्री जानकी शर्मा, श्री संजय जी, संसकृति लाल शुक्ला, श्री आशुतोष शूक्ला, श्री संगम लाल त्रिपाठी, श्री विकास मिश्रा, श्री लवकुश शुक्ला, श्री बृसनेन्द मिश्रा, श्री उमेश मिश्रा, श्री अभिसेक तिवारी, श्री अरुण कुमार तिवारी, श्री इन्द्र नारायण त्रिपाठी आदि अनेक विप्रजन उपस्थित थे।



**रायपुर 23 जनवरी।** राठौर समाज के सदस्यों ने मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर राठौर चौक में महाआरती कर 51 किलो बूंदी एवं 50 किलो बेर प्रसाद का वितरण किया गया है ।

# राम-राम की गूंज से राममय हुआ रामनामी मेला

## आने वाले लोगों में बना रहा उत्साह ,



*रायपुर, 23 जनवरी। नवगठित जिले सक्ती के जैजैपुर और मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम कुरदी में आज दूसरे दिन भी रामनामी मेले में लगातार राम-राम-राम की गूंज होती रही। रामनामी समुदाय से जुड़े लोग भजन-कीर्तन और रामायण का जाप करते हुए भगवान राम के संदेश को प्रेम और सदभाव से सबके जीवन में उतार रहे थे। इस दौरान हजारो लोगों ने रामनामी आस्था के प्रतीक जैतखाम का दर्शन और यहाँ पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से बने आध्यात्मिक माहौल की झलक और सबके सुख-शांति, मानवता का संदेश यहाँ भी महसूस हो रहा था।*

# शिवरीनारायण से भगवान राम का पुराना नाता, यहीं श्रीराम ने माता शबरी के जूठे बेर खाए: मुख्यमंत्री

### यहां के अक्षय वट के दोने में माता शबरी ने रखे थे बेर



*मुख्यमंत्री ने 'एक दीया राम के नाम' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ।*

**रायपुर, 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चाम्पा जिले से भगवान राम का बहुत करीब से नाता है। यहां प्रभु श्रीराम ने वनवास का अधिक समय बिताया है, मान्यता है यहां प्रभु श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाए थे। यहां एक पेड़ ऐसा है जिसके पत्तों की आकृति दोने के सामान है, माता शबरी ने इसी दोने में राम लक्ष्मण को बेर रख कर खिलाए थे, इस वट वृक्ष का वर्णन सभी युगों में मिलने के कारण इसे अक्षय वट वृक्ष के नाम से जाना जाता है। जांजगीर-चांपा जिले की धार्मिक नगरी शिवरीनारायण को गुप्त प्रयाग कहा जाता है। यहां तीन नदी, महानदी, शिवनाथ और जोक नदी कर त्रिवेणी संगम है। शिवरीनारायण का नाम माता शबरी और नारायण के अटूट स्नेह के कारण पड़ा और भक्त का नाम नारायण के आगे रखा गया। बड़े मंदिर यानी नर नारायण मंदिर के पुजारी प्रसन्न जीत तिवारी ने बताया कि शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ के जगन्नाथपुरी के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि इसी स्थान पर प्राचीन समय में भगवान जगन्नाथ स्वामी का मूल स्थान शिवरीनारायण रहा। आज भी साल में एक दिन माघी पूर्णिमा में भगवान जगन्नाथ शिवरीनारायण आते हैं, यहां मंदिर में रोहिणी कुण्ड है जिसका जल कभी कम नहीं होता, भगवान नर नारायण के चरण कुंड में जल हमेशा अभिषेक करता है। शिवरीनारायण मठ मंदिर के पुजारी त्यागी जी महराज ने बताया कि छत्तीसगढ़ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का ननिहाल और उनकी कर्मभूमि भी है। 14 वर्षों के कठिन वनवास काल में श्रीराम ने अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में ही बिताया। माता कौशल्या की जन्मभूमि के कारण छत्तीसगढ़ में श्रीराम को भांजे के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने शिवरीनारायण धाम के बारे में बताया कि यही वो पावनभूमि है जहां भक्त और भगवान का मिलन हुआ था। भगवान राम ने शबरी की तपस्या से प्रसन्न होकर न केवल उन्हें दर्शन दिए बल्कि उनकी भक्ति और भाव को देखकर जूठे बेर भी खाए। आज भी शबरी और राम के मिलन का ये पवित्र स्थान आस्था का केंद्र बना हुआ है। अयोध्या में प्रभु राम मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद शिवरीनारायण में भी प्रभु के प्राण प्रतिष्ठा के इस दिन को खास बनाया गया है, सभी मंदिर को दूधिया रोशनी और झालर के अलावा दीपों से सजाने और दिनभर भजन कीर्तन और भंडारा प्रसाद वितरण करने की तैयारी की गई है। कुल मिलाकर धार्मिक नगरी शिवरीनारायण भी राममय हो गया है।




***राजनांदगांव 23 जनवरी।** अयोध्या में भगवान श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के शुभागमन पर दिग्विजय स्टेडियम में श्यामल संध्या में लाखों दीप जल उठे। इस अद्भुत नजारे के ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बने शहरीवासी। यह दीप भक्ति, आस्था, उम्मीद, सत्य एवं संकल्प के प्रतीक हैं। दीप की मोहक श्रृंखला ने सभी को मुग्ध किया। प्रभु श्रीराम के लिए सदियों से बाट जोह रहे देशवासियों की प्रतीक्षा समाप्त हुई। श्री रामलला के आगमन ने जनसामान्य में अभूतपूर्व उल्लास, आनंद एवं ऊर्जा से भर दिया। लगभग 3 लाख से अधिक दीप से शोभायमान हुआ दिग्विज स्टेडियम। भव्य आतिशबाजी से गगन में सितारों की छटा बिखर गई।*

## रामोत्सव पर महापौर निवास कार्यालय में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

**राजनांदगांव 23 जनवरी।** अयोध्या में आज 22 जनवरी को आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश के कोने कोने में रामोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कडी में आज रामाधीन मार्ग स्थित महापौर निवास कार्यालय में रामोत्सव मनाया गया। जिसके तहत् हनुमान चालीसा का पाठ कर रामस्तुति की गई। धार्मिक आयोजन के प्रारंभ मे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख सहपरिवार भगवान रामचन्द्र जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किये। पूजा पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर रामस्तुति किये। महापौर श्रीमती देशमुख ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए कहा कि, आज इस पावन दिवस पर पुरा देश राममय हो गया है। लोग चाहे वो बडे हो बुढे हो बच्चे हो महिला व पुरूष हो सप्ताह भर से पूरे उत्साह के साथ प्रभु रामचन्द्र जी की पूजा अर्चना कर रहे है। उन्होने कहा कि, जहॉ एक ओर प्रातः हर गली मोहल्ले से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। वही बाईक रैली, भगवान रामचन्द्र जी की शोभायात्रा निकालने के साथ-साथ रामचरित पर भजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज इस पुनित अवसर पर महापौर निवास कार्यालय में भी हनुमान चालीसा पढकर रामस्तुति की जा रही है। मै उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देती हूॅ।



## कारसेवकों का सम्मान करना सौभाग्य की बात : योगेश तिवारी

**रायपुर 23 जनवरी।** जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य के आशीर्वाद से अयोध्या राम मंदिर के निर्माण के लिए संघर्षशील कार सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। आयोजन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होटल दिलबाग प्राईड सांकरा रायपुर में रखा गया था। इस कार्यक्रम में अशोक चतुर्वेदी राष्ट्रीय प्रभारी सर्व हिन्दू सनातन समाज के मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, देव जी भाई पटेल, श्याम शर्मा, आयोजक योगेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं लखविंदर सिंह लकी ने कार सेवकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में सैकड़ों रामभक्त शमिल हुए। अतिथि के रुप में धरसीवा पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा भी शामिल हुए। कार्यक्रम में अयोध्या कार सेवक महेश पांडे बजरंग दल के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष, दीपक चन्द्र उप्रेती, धनंजय हरपाल, लाल बहादुर माजिया, श्री फकीरा सिक्का, विप्रो नायक, श्री सुधीर छत्रिय, सुमन सिंग, श्रीकांत समेत अनेक कारसेवकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजन योगेश तिवारी ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले कर सेवकों का सम्मान करना सौभाग्य की बात है। कार सेवकों के बलिदान के प्रतिफल में आज राम मंदिर का निर्माण हुआ है। आज हर कार सेवक और राम भक्त में हर्ष का माहौल है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि इस ऐतिहासिक क्षण के हम साक्षी बने हैं। 500 वर्षों का संघर्ष सफल हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुए।



## राम व्यक्ति नहीं,राम व्यक्तित्व है : संत विजय कौशल

**रायपुर।** आज इस सृष्टि के इतिहास में एक नये युग का शुभारंभ हुआ है, 550 वर्षों के सतत संघर्ष, पीड़ा, उत्पीड़ा के साथ कितने प्रकार के कष्टों को झेलने के बाद हिन्दू समाज आज आनंद, राहत और प्रसंन्नता की सांस ले रहा है। भगवान श्रीराम अपने निजधाम में सम्मान के साथ विराजित हुए है। विश्व के किसी भी स्थान व कोने में जो भी जैसा हिन्दू रहता होगा आज वह अपने को गौरवान्वित व आनंदित महसूस कर रहा होगा। कलयुग तो चल रहा है लेकिन हर युग में युगों की युतियां आती है। कलयुग में भी कई संतों का जन्म हुआ है, लेकिन इस कलयुग में आज नया सूत्र का जन्म हुआ है जो सत्य, करुणा, प्रेम, दया, परोपकार, सदाचार, संदेवना का युग है और इसी को राम राज्य कहा गया है। राम राज्य कोई शासन की व्यवस्था का युग नहीं है, राम राज्य समाज के दिव्य आदर्शता का नाम है। दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम (साइंस कालेज) में चल रही श्रीराम कथा सत्संग में संत विजय कौशल महाराज ने कहा कि राम अपने सिंहासन पर बैठे है, ठीक बात है लेकिन हमारी हृदय, आचरण,वाणी, चिंतन, व्यवहार के सिंहासन पर बैठने चाहिए। जय श्रीराम जोर से बोल देने से राम भक्त नहीं हो जाते , ठीक यह भी एक संकेत है कि हम राम से जुड़े है लेकिन राम हमारी वाणी, दृष्टि, व्यवहार, आचरण, हमारे हाव, भाव, स्वभाव, चेतना, विचारों, क्रिया-कलापों, मर्यादा, धर्म, सत्य,प्रेम, करुणा दया, वह शरीर नहीं है राम सद्गुणों के स्वरुप को धारण कर लिया और जगत ने उसे राम कहकर संबोधित कर दिया।



## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सांसद सुनील सोनी ने डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का सम्मान किया

**रायपुर 23 जनवरी।** कौशल्या धाम चंदखुरी स्थित मंदिर परिसर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामलला महोत्सव के मंच में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कलाकार राकेश तिवारी द्वारा लिखित निर्देशित नृत्य नाटिका छत्तीसगढ़ के भांचा राम का भव्य मंचन प्रातः 11¬00 बजे दुग्धाहारी मठ मंदिर रायपुर एवं संध्या 7¬00 बजे कौशल्या धाम चंदखुरी में बहुत ही खूबसूरती के साथ किया गया जिसमें संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी एवं आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब जी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर का रायपुर लोकसभा के माननीय सांसद सुनील सोनी एवं संस्कृति मंत्री माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी के करकमलों से सम्मान किया गया। विदित हो की श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, एवं दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के सहयोग से वरिष्ठ कलाकार राकेश तिवारी के नेतृत्व में कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ के भांचा राम नृत्य नाटिका का भव्य मंचन अयोध्या नगरी के तुलसी उद्यान में 14 जनवरी से 17 जनवरी 2024 तक नियमित मंचन किया गया जिसे लाखों दर्शकों ने सराहा।



### प्राण प्रतिष्ठा की पूजा संपन्न कर भोग भंडारा का वितरण

# राम भक्ति में लीन रही माई की नगरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 23 जनवरी।** सर्वधर्म एकता का प्रतीक माने जाने वाले माई की नगरी डोंगरगढ़ में श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर के चौक चौराहों सहित सभी वार्डो में 21 जनवरी के रात्रि 12 बजे के बाद लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई व 22 जनवरी के एतिहासिक दिवस पर नगर के मंदिरों व घरों में अभिजीत मूर्त पर श्रीराम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा पूजा अर्चना कर सेवा के पुण्यभागी बनें। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लला के मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर की दोनों प्रमुख पार्टियों के कार्यकर्ताओ सहित नगर के जयस्तम्भ चौक राम मंदीर, गुरुद्वारा सामने स्थित हनुमान मन्दिर, रेलवे चौक, पिप्लेश्व महादेव थाना चौक, रेल्वे इंन्सटियुट के पास हनुमान मन्दिर, नीचे मन्दिर परिसर स्थित मन्दिर सहित वार्ड के चौक चौराहों में भोग प्रसादी वितरण किया गया। जहां श्री राम लला की जय जयकार से पूरा विश्व गूंज रहा है , वहीं राम लला के मंदिर प्रवेश की खुशी को डोंगरगढ़ शहर ने भी हर्षोल्लास के साथ मनाया , डोंगरगढ़ कांग्रेस की विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के आव्हान पर समस्त कांग्रेसियों ने राम लला के आगमन पर जमकर खुशियां मनाई उनके द्वारा सब्जी मंडी गोल बाजार स्थित शिव मंदिर में 21 जनवरी की संध्या में हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के द्वारा 111 घी के दीपक जला कर भव्य आतिशबाजी के साथ पूजन प्रारंभ किया गया ,तथा 22 जनवरी को राम लला के प्राणप्रतिष्ठा पर हलवा और पूरी का भोग लगा कर आजाद चौक गोल बाजार में आम जन को प्रसाद वितरण किया गया, उक्त कार्यक्रम में एकता की मिसाल देखने को मिली।



## संपादकीय

# जितना बड़ा आयोजन उतना ज्यादा असर

किसी कार्यक्रम,किसी समारोह, किसी उत्सव, किसी आयोजन का असर इस बात पर निर्भर करता है कि वह कितना बड़ा है, आयोजन जितना बड़ा होता है, उसका असर भी उतना ही व्यापक होता है। हजार लोगों का आयोजन है तो हजार लोगों पर सीधा असर होता है, लाख लोगों का आयोजन है तो लाख लोगों पर असर होता है, करोड़ लोगों का आयोजन होता है तो करोड़ लोगों पर असर होता है। कोई आयोजन देश के अलावा विदेशों में किया जाता है तो उसका असर वैश्विक होता है। किसी देश में ऐसी घटनाएं कम ही होती हैं जिसका असर राष्ट्र के बाद विश्व स्तर पर भी होता है। विश्व इतिसाह में ऐसी घटनाएं बहुत ही कम हैं जिनका असर वैश्विक हो। हमारे राम लला का अपने दिव्य,भव्य भवन में विराजना ऐसी घटना है। यह वैश्विक घटना इसलिए बन गई कि भारतीय विश्व के बहुत से देशों में रहते हैं। राम के साथ सारे भारतीय विश्व में कहीं भी रहें एक आत्मीय संबध महसूस करते हैं। यही वजह है कि राम लला के भव्य प्रसाद में विराजने की जितनी खुशी भारतीयों को हुई, उतनी ही खुशी विदेशों में रहने वाले भारतीयों को भी हुई। इसका श्रेय भी पीएम मोदी को जाता है, उन्होंने विदेशों में रहने वाले भारतीयों को अपने जड़ से जोड़ने का काम किया है। वह जहां भी गए भारतीयों को उनकी जड़ों की याद दिलाई, भारतीय संस्कृति की याद दिलाई। इसी का परिणाम है कि राम लला के विग्रेह के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जितने आयोजन भारत में हुए ,उतन ही आयोजन विदेशों में भी हुए। यह तो हुआ धार्मिक सांस्कृतिक असर। इतना बड़ा आयोजन देश में हुआ तो इस आयोजन का श्रेय पीएम मोदी को ही जाता है। क्योंकि बिना पीएम की इच्छा के इतना बड़ा आयोजन कोई सरकार अपने बूते पर नहीं कर सकती। पीएम मोदी की राम भक्ति किसी से छिपी नहीं है, उनकी रामभक्ति हमेशा मिसाल रही है, चाहे वह राम जन्म भूमि आंदोलन के समय रथयात्रा निकालना रहा हो, चाहे राम जन्म भूमि के लिए कानूनी लड़ाई लड़नी हो, सबके पीछे मोदी का हाथ रहा है। राम जन्म भूमि मिलने के बाद राम का मंदिर कैसा होना चाहिए, यह भी मोदी की सोच है, क्योंकि पीएम मोदी हमेशा सबसे बड़ा, सबसे भव्य, सबसे सुंदर काम करने का प्रयास करते हैं तथा वह काम समय पर हो इसका प्रयास भी करते हैं. राम लला के मंदिर का गर्भगृह एक साल में बनाने की चुनौती थी ताकि राम लला जल्द से जल्द टैंट से भव्य मंदिर में विराजें। यह काम भी समय पर हुआ तो इसका श्रेय भी पीएम मोदी को जाता है। पीएम मोदी बड़ा काम करते हैं, बड़ा आयोजन करते हैं तो उसका व्यापक असर भी होता है। वह देश के पीएम है, राजनीति में हैं तो उसका राजनीतिक लाभ भी उनको स्वाभाविक रूप से मिलता है। राम मंदिर का निर्माण उन्होंने राजनीति के लि नहीं, अपने भक्ति भाव से किया है यह और बात है कि इसका राजनीतिक लाभ उनको मिलेगा, भाजपा को मिलेगा। राम मंदिर का निर्माण राजनीति के लिए किया गया होता तो वह 11 दिन व्रत नहीं रखते है, आराम से अपने घर में रहते, 22 जनवरी को मंदिर आकर प्राण प्रतिष्ठा में और लोगों की तरह शामिल हो सकते थे। यह राम भक्ति के लिए किया गया था इसलिए वह 11 दिनों तक देश के राम से जुड़े मंदिरों में गए, पूजा की,रामायण सुनी। 22 जनवरी को अयोध्या आकर समारोह में शामिल हुए। उनके 11 दिन के कठिन व्रत का भी हिंदू समाज पर व्यापक असर पड़ा है। साधु संतों के बीच उनका सम्मान तो पहले भी था,राम मंदिर बनने के बाद, राम मंदिर के लिए 11 दिन उपवास करने से उनका सम्मान साधु संतों को बीच और बढ़ा है, उन्हें तपस्वी पीएम कहा जा रहा है, तो यह सही कहा जा रहा है। पीएम मोदी के बारे में कहा जाता है कि वह राम के प्रति जितने आस्थावान है, अपने देश व देश की जनता के प्रति उतने ही आस्थावान है, वह चुनाव जीतने के लिए राम के भरोसे ही नहीं रहते हैं, वह राम पर भरोसा करते हैं साथ ही काम भी करते जाते हैं। अपने काम के दम पर वह पूरे आत्मीविश्वास से कह पाते हैं कि वह तीसरा चुनाव भी जीतेंगे। यह आत्मविश्वास उनके अलावा किसी नेता में दिखाई नहीं देता है तो इसकी वजह यह है कि किसी नेता ने ऐसा कोई काम नहीं किया है जिससे करोडों लोगों को लाभ हुआ हो। इसलिए कोई नेता ऐसा दावा कर नहीं पाता है।

# सुभाषचन्द्र बोस: महान् स्वतंत्रता सेनानी एवं कर्मयोद्धा

**जन्म जयन्ती**

**ललित गर्ग**



भारतीय इतिहास में सुभाष चंद्र बोस ऐसे महानायक हैं, जो किसी पहचान के मोहताज नहीं। नेताजी का नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी भारवासियों के भीतर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की ज्वार पैदा करता है। अंग्रेजों की गुलामी से भारत को आजाद कराने के लिए नेताजी ने कई आंदोलन किए, उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ छिड़े जंग की ज्वाला को और तेज करने के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना भी की। जलियांवाला बाग हत्याकांड के दिल दहला देने वाले दृश्य से वे काफी विचलित हुए इसके बाद ही वे भारत की आजादी संग्राम में जुड़ गए। बोस प्रकृति से आध्यात्मिक, ईश्वर भक्त तथा तन एवं मन से देशभक्त थे। बोस के अतिरिक्त हमारे देश के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्तित्व नहीं हुआ जो एक साथ महान् स्वतंत्रता सेनानी, महान् सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति का अद्भुत खिलाड़ी, राष्ट्रनायक और अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुरुषों, नेताओं के समकक्ष साधिकार बैठकर भारत की आजादी के लिये कूटनीतिज्ञ तथा चर्चा करने वाला हो।

भारत को आजादी दिलाने के लिये किये गये सुभाषचन्द्र बोस के अवदानों की एक लम्बी श्रृंखला है, लेकिन आजादी के बाद बनी सरकारों ने उनके योगदान को विस्मृत करने की तमाम कोशिशों का ही परिणाम है कि यह महानायक इतिहास के पन्नों में गुम हो गया। लेकिन लम्बे इंतजार के बाद अच्छी बात हुई है कि देश के क्रांतिकारी आंदोलन के महानायक, कर्मयोद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा करके देश के असंख्य लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। वास्तव में हमारी आजादी हमारे ऐसे ही वीरों के पराक्रम, शौर्य, समर्पण और साहस से मिली थी। यह सही है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान महत्वपूर्ण था, परंतु नेताजी के योगदान को कमतर आंकना या उनके योगदान का विस्मृत करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के स्वाधीनता संग्राम में नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है, उनके योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है और इसकी शुभ शुरुआत हो गयी है।

आजाद हिन्द सरकार के माध्यम से सुभाषचन्द्र बोस ने एक ऐसा भारत बनाने का वादा किया था, जिसमें सभी के पास समान अधिकार हों, सभी के पास समान अवसर हों। जो अपनी प्राचीन परम्पराओं से प्रेरणा लेगा और गौरवपूर्ण बनाने वाले सुखी और समृद्ध सशक्त भारत का निर्माण करेगा। यह करोड़ों भारतीयों का सपना था, किंतु सुभाष बाबू से भय खाने वाले अंग्रेजों और बाद में उसी लीक पर चलकर सत्ता और परिवारवाद को मजबूत करने वाले राजनीतिक दलों एवं सत्ताधारियों ने उस महानायक के योगदान एवं सपनों को कुचलने का षड़यंत्रपूर्वक प्रयत्न किया। जब वर्ष 2018 को आजाद हिन्द सरकार के 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से तिरंगा फहराया तो देश को मानो उसका बिसराया प्यार, स्वतंत्रता संग्राम की अनूठी स्मृतियों की जीवंतता से देश को वास्तविक रूप में आजादी का स्वाद चगने का अवसर मिल गया है।

सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। नेताजी ने आजीवन भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के लिये युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहते हुए भारत को आजादी दिलाने के प्रभावी एवं सार्थक प्रयत्न किये। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था। नेताजी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निर्वाहन करते हुए उन्होनें उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा मात्र आठ माह में ही परीक्षा



उत्तीर्ण कर ली किंतु राष्ट्रीय भाव एवं भारत को आजाद कराने के संकल्प के चलते उन्होंने आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक आइसीएस के इतिहास में किसी भारतीय ने ऐसा नहीं किया था। युवा सुभाष ने 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से मिलने के बाद सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। उस समय देश में गांधीजी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था। सुभाषचन्द्र बोस ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिये, जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगा' का नारा देकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरी। आजाद हिन्द सरकार ने वादा किया था 'बांटो और राज करो' की उस नीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का, जिसकी वजह से भारत सदियों तक गुलाम रहा था। इसके लिये नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने 'सुप्रीम कमाण्डर' के रूप में आज़ाद हिंद फौज की सेना को सम्बोधित करते हुए 'दिल्ली चलो!' का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इंफाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। आजाद हिन्द फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत या उदाहरण नहीं मिलता जहाँ तीस-पैंतीस हजार युद्धबन्दियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो। उस समय देश में नेताजी और आजाद हिंद फौज के प्रति सहानुभूति की व्यापक लहर दौड़ रही थी। दमनचक्र के बावजूद देशवासियों का जोश, उत्साह व उमंग देखते ही बन रहा था। ब्रिटिश सरकार डर गयी थी। आजाद हिंद फौज ने जिस प्रकार से देश का वातावरण बनाया उससे अंग्रेजों को साफ पता चल गया था कि अब यहां अधिक समय तक रहा नहीं जा सकता, आजाद हिंद फौज का देश की आजादी में अप्रतिम योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

21 अक्टूबर 1943 को सुभाषचन्द्र बोस ने आज़ाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड सहित 11 देशो की सरकारों ने मान्यता दी थी। जापान ने अंडमान व निकोबार द्वीप इस अस्थायी सरकार को दे दिये। नेताजी उन द्वीपों में गये और उनका नया नामकरण किया। 1944 को आज़ाद हिंद फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। कोहिमा का युद्ध 4 अप्रैल 1944 से 22 जून 1944 तक लड़ा गया एक भयंकर युद्ध था। इस युद्ध में जापानी सेना को पीछे हटना पड़ा था और यही एक महत्वपूर्ण मोड़ सिद्ध हुआ। 6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम एक प्रसारण जारी किया जिसमें उन्होंने इस निर्णायक युद्ध में विजय के लिये उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएँ माँगीं। अपने संघर्षपूर्ण एवं अत्यधिक व्यस्त जीवन के बावजूद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्वाभाविक रूप से लेखन के प्रति भी उत्सुक रहे हैं। अपनी अपूर्ण आत्मकथा एक भारतीय यात्री-ऐन इंडियन पिलग्रिम के अतिरिक्त उन्होंने दो खंडों में एक पूरी पुस्तक भी लिखी भारत का संघर्ष-द इंडियन स्ट्रगल, जिसका लंदन से ही प्रथम प्रकाशन हुआ था। यह पुस्तक काफी प्रसिद्ध हुई थी। उनकी आत्मकथा यद्यपि अपूर्ण ही रही, लेकिन उसे पूर्ण करने की उनकी अभिलाषा रही थी। नेताजी की मृत्यु को लेकर आज भी विवाद है। जहाँ जापान में प्रतिवर्ष 18 अगस्त को उनका शहीद दिवस धूमधाम से मनाया जाता है वहीं भारत में रहने वाले उनके परिवार के लोगों का आज भी यह मानना है कि सुभाष की मौत 1945 में नहीं हुई। वे उसके बाद रूस में नज़रबन्द थे।

सुभाषचन्द्र बोस की 127वीं जन्म जयन्ती मनाते हुए भारत को भारतीयता की नजर से देखना और समझना जरूरी है। ये आज जब हम देश की स्थिति देखते हैं तो और स्पष्ट रूप से समझ पाते हैं कि स्वतंत्र भारत के बाद के दशकों में अगर देश को सुभाष बाबू, सरदार पटेल जैसे व्यक्तित्वों का मार्गदर्शन मिला होता, भारत को देखने के लिए विदेशी चश्मा नहीं होता तो स्थितियां बहुत भिन्न होतीं। नेताजी के विचारधारा के लोग इस देश में ही जीवित होने पर भी बिसराए जाते रहे हैं। लेकिन इन सब झंझावातों के बीच वह सपना सांस लेता रहा। उसे जीवित रहना ही था, क्योंकि उस सपने में नेताजी सरीखे अनगिनत राष्ट्रपुरुषों की जान बसी है। वह सपना है भारतीयता का सपना। यह सपना जीवित रहेगा, उसी सपने को आकार देकर ही सशक्त भारत का निर्माण होगा। जिसमें संघर्ष, समर्पण एवं शौर्य की सुभाषचन्द्र बोस की गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को उनके मूल्यों को अपनाने के लिये प्रेरित करती रहेगी।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। छात्रों को आज किसी प्रैक्टिकल में सहपाठी की मदद मिलेगी, कार्य में आसानी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों का पद बढेगा, लोग आपका सपोर्ट करेंगे । आज आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आगमन से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे, घरवाले प्रस्ताव के लिए थोडा समय लेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। पसंदीदा खाना खाने के लिए आप कोई अच्छी डिश आर्डर कर सकते हैं। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आपको बिजनेस संबंधी नये लोगों से जुड़ने का मौका मिल सकता है। आपकी कड़ी मेहनत से आपको सक्सेस मिलेगी जिससे आप रिलैक्स फील करेंगे।

मिथुन राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जायेंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को सफलता मिलती रहेगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक ख़त्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा। वाहन खरीदने का विचार भाई से करेंगे, लाभदायक जानकारी मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोग नए कार्य को करने के लिए उत्सुक रहेंगे। छात्र आज किसी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता दिखाएंगे। आज आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा के लिये प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। स्वास्थ सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। ऑफिस में कोई नया टारगेट मिलने से मन प्रसन्न रहने वाला है। राजनैतिक पक्ष में आपकी रूचि बढ़ेगी, लोग आपके कामों की तारीफ़ करेंगे। आर्थिक रूप से मजबूती बनी रहेगी। माता-पिता का सहयोग आज आपको उत्साहित करेंगे।

सिंह राशि-आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशिया लेकर आया है। आज आपको शुभ सन्देश मिल सकता है। परिवार में ख़ुशी का माहौल रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते में मजबूती बरकरार रहेगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। एजुकेशन फ़ील्ड में बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स अपना पूरा सहयोग करेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिये आपकी मेहनत सफल रहेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे। प्रॉपर्टी के लिये आपको कोई अच्छी डील मिल सकती है। उधार के लेन देन से बचें। माता पिता से भविष्य के बारे में विचार विमर्श कर सकते हैं। किसी सभा में आपकी उपस्थिति लोगों को अचंभित करेगी, लोग आपसे मिलकर प्रसन्न होंगे।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज किसी बात को सोचकर आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे। पैसों के लेन-देन में थोड़ा सतर्क रहें। आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहेगा। समाज में आप दोनों की सुंदर छवि बनेगी। स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

वृश्चिक राशि-आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे। जिससे आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा। व्यापार में आपको काफी अच्छे फायदे देखने को मिलेंगे। आप की आर्थिक स्थिति में अनुकूल परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में बिगड़ी हुई चीजें खुद-ब-खुद सही होने लगेगी। अचानक कोई शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

धनु राशि- आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपका वेतन भी बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस दौरान कार्यस्थल पर बाहर का खाना खाने से बचें। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आप अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी। सोचे हुए सभी काम समय पर पूरे होंगे। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे, आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे। आज स्थितियां आपके फेवर में होंगी। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा। लवमेट के लिये आज का दिन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि-आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉज़िटिव रिजल्ट मिलेगा। जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढाई में बिजी रहेंगे। आपका दिन थोडा व्यस्त हो सकता है परन्तु शाम का समय अपने परिवार के साथ मस्ती में बिताएंगे। आप कोई साहित्यिक बुक पढ सकते हैं।

## चिंतन

# सनातनी परंपरा और प्राण प्रतिष्ठा

**विनीत नारायण**

तथ्य है राम मंदिर निर्माण के लिए अदालत से जो आदेश मिला उसमें द्वारिका पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पर विडंबना देखिए कि सड़क छाप लोग श्रद्धेय शंकराचार्यों से पूछ रहे हैं कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए क्या किया? ज्सनातन परम्परा का निर्वाह करते हुए अपनी आलोचना को उदारता से स्वीकार करना चाहिए। हर राष्ट्र के इतिहास में कोई पल ऐसा आता है जो मील का पत्थर बन जाता है। आज पूरी दुनिया के सनातन धर्मी हिंदुओं के जीवन में वो क्षण आया है जब जन-जन के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली व राजधानी अयोध्या पूरे वैभव के साथ विश्व के मानचित्र पर सदियों बाद पुनः प्रगट हुई है। इसलिए देश और विदेश में रहने वाले हिंदुओं के मन उल्लास से भरे हैं।यह सही है कि श्रीराम जन्मभूमि पर से बाबरी मस्जिद को हटाने में सदियों से हज़ारों लोगों ने बलिदान दिया और सैंकड़ों ने इस आंदोलन में अपनी क्षमता अनुसार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पर पूरे अयोध्या नगर को जो भव्य रूप आज मिला है वो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पनाशीलता और दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है।इसलिए नरेंद्र मोदी की आलोचना करने वालों की बात का भाजपा समर्थक हिंदू समाज पर वैसा असर नहीं पड़ रहा जैसी उनकी अपेक्षा रही होगी। इसका अर्थ यह नहीं कि जिन मुद्दों को विपक्ष के नेता उठा रहे हैं वे कम महत्वपूर्ण हैं। निःसंदेह देश के युवाओं के लिए बेरोज़गारी विकराल रूप धारण करके खड़ी हुई है। दस बरस पहले मोदी जी ने हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोज़गार देने का वायदा किया था। यानी अब तक बीस करोड़ युवाओं को रोज़गार मिल जाना चाहिए था। जबकि आज भारत में बेरोज़गारी की दर पिछले 45 वर्षों में सबसे ज़्यादा है। ऐसे ही अन्य मुद्दे भी हैं जिनको लेकर विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर है। विपक्ष का यह भी आरोप है कि मंदिर निर्माण पूरा हुए बिना ही इतना भव्य उद्घाटन करने का उद्देश्य केवल 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना है। इसलिए विपक्ष के नेता इसे राजनैतिक कार्यक्रम मान रहे हैं और इसलिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्योते पर 22 तारीख़ को अयोध्या नहीं गये। उनका कहना है कि भगवान श्री राम के दर्शन करने वे अपनी श्रद्धा अनुसार भविष्य में अवश्य जाएँगे। विपक्ष का यह आरोप सही है कि आज का कार्यक्रम लोकसभा के चुनाव की दृष्टि से आयोजित किया गया है। पर इसमें अनहोनी बात क्या है? लोकतंत्र में हर राजनेता जो कुछ करता है वो वोटों पर नज़र रख कर ही करता है। कांग्रेस के शासन काल में भी ऐसे अनेक बड़े आयोजन हुए या फ़ैसले लिये गये जिनकी उस समय यही उपयोगिता थी कि उनसे कांग्रेस को वोट जुटाने में मदद मिले। अभी पिछले ही हफ़्ते हिंदुओं के चार धामों में से एक जगन्नाथ पुरी में जगन्नाथ जी के मंदिर के नये बने भव्य कॉरिडोर का उद्घाटन बीजू जनता दल के नेता और उड़ीसा के मुख्य मंत्री नवीन पटनायक ने किया। निःसंदेह उनका यह प्रयास दुनिया भर के सनातन धर्मियों, विशेषकर भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों को आह्लादित करने वाला है। पर परोक्ष रूप से उद्देश्य तो इसका भी उड़ीसा का चुनाव जीतना है, जो इस वर्ष के अंत में होने वाला है।

इस तरह की राजनैतिक टीका-टिप्पणियाँ तो हर दल अपने विरोधियों पर हमेशा करता ही आया है। भाजपा ने भी विपक्ष में रह कर हमेशा यही किया जो आज विपक्ष भाजपा के विरोध में कर रहा है। इसलिए इस राजनैतिक बहसबाजी में न पड़ कर आज हम अपना मंथन अयोध्या के धार्मिक पक्ष पर ही केंद्रित रखना चाहेंगे। क्योंकि आज हम सब 'राममय' भाव में आकंठ डूबे हुए हैं। अयोध्या का यह विकास भारत के सनातन धर्मियों की आस्था के साथ ही हमारी सांस्कृतिक अस्मिता से भी जुड़ा हुआ है। पर उत्साह के अतिरेक में हमें अपनी भावनाओं को ग़लत दिशा में जाने से रोकना होगा। अन्यथा हमारी बयानबाज़ी और ट्विटरबाज़ी सनातन धर्म के लिए आत्मघाती होगी। जिस तरह ह्वाट्सऐप यूनिवर्सिटी के प्रभाव में आकर अशोभनीय तरीक़े से सनातन धर्म के आधारस्तम्भ परम श्रद्धेय शंकराचार्यों पर तथ्यहीन और छिछली टिप्पणियाँ की जा रही हैं, उनके घातक परिणाम भविष्य में सामने आयेंगे। अयोध्या मामले की इलाहाबाद उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में लगातार पैरवी करने वाले वरिष्ठ वकील डॉ पी एन मिश्रा ने एक न्यूज़ चैनल को दिये साक्षात्कार में स्पष्ट कहा है कि श्री राम जन्मभूमि के पक्ष में जो अदालत के निर्णय आए उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका द्वारिका पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी की रही। उन्हीं के द्वारा दिये गये प्रमाणों को न्यायाधीशों ने अकाट्य माना और इसलिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के नाम का उल्लेख अपने लिखित आदेश में भी किया। डॉ मिश्रा ने इसी इंटरव्यू में बताया कि श्रद्धेय रामभद्राचार्य जी के तर्कों को अदालत ने प्रामाणिक न मानते हुए ख़ारिज कर दिया था। इसका अर्थ यह हुआ कि राम मंदिर निर्माण के लिए अदालत से जो आदेश मिला उसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पर विडंबना देखिए कि सड़क छाप लोग श्रद्धेय शंकराचार्यों से पूछ रहे हैं कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए क्या किया? दूसरी तरफ़ श्रद्धेय रामभद्राचार्य जी को इस तरह महिमा मंडित किया जा रहा है, मानो कि अदालत का फ़ैसला उन्हीं के कारण मिला हो। कोई भी पढ़ा-लिखा व्यक्ति या क़ानून का जानकार अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फ़ैसले को पढ़ कर तथ्य जान सकता है। इसलिए चाहे शंकराचार्यों की बात हो या रामभद्राचार्य जी जैसे अन्य संतों की बात हो, हमें अपने संतों प्रति ऐसी छिछली टिप्पणी करने से बचना चाहिए। यथासंभव सभी संतों का सम्मान करना चाहिए।

## धर्म-संस्कृति

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

# अपने भीतर श्रीराम को जागृत करें



आज के रामराज्य के संदर्भ में हमें निश्चित रूप से भ्रष्टाचार, हेरफेर और असामाजिक तत्वों के कई नए अधर्मियों से लड़ने के लिए अवधारणा के एक नए आदर्श की आवश्यकता है जो इन दिनों प्रचलित प्रतीत होता है। राम मंदिर पर राजनीति आस्था और विश्वास की दृष्टि से रामराज्य की अनिवार्यताओं में से एक हो सकती है, लेकिन प्रशासन की दृष्टि से - न्याय, सम्मान और गैर-जबरदस्ती महत्वपूर्ण है। आज, कई लोग रामराज्य को हिंदू राज्य से जोड़ने का प्रयास करते हैं जो पूरी तरह से अप्रासंगिक है क्योंकि रामराज्य का विचार कानून के शासन के सिद्धांतों पर आधारित था, न कि किसी धार्मिक सिद्धांत के शासन पर। ऐसे समय में, जब रामराज्य राजनीतिक वर्ग के लिए वोट हासिल करने का एक साधन बनता जा रहा है, तब रामराज्य के मूल आदर्शों और अनिवार्यताओं को संरक्षित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। मंदिर निर्माण के रूप में रामराज्य के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ शासन-प्रशासन में भी सिद्धांतों को प्रचारित एवं क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी सहित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के कई महान नेताओं ने आधुनिक भारत के लिए अपने दृष्टिकोण का वर्णन करने के लिए राम राज्य शब्द का इस्तेमाल किया। जबकि धर्मनिरपेक्ष राजनेताओं ने राम राज्य को केवल एक रूपक तक सीमित करने की कोशिश की है, इसके आध्यात्मिक और योगिक अर्थ को भुलाया नहीं जा सकता है।

**जब हम रामराज्य के मूल आदर्शों को संरक्षित करें, रामराज्य की अवधारणा हमेशा भारत के आम लोगों के साथ गूंजती रही है। रामराज्य को आम तौर पर भगवान राम का शासन माना जाता है और अक्सर इसे प्रशासन का सबसे अचूक रूप माना जाता है। स्वतंत्रता के समय, यही अवधारणा महात्मा गांधी द्वारा गढ़ी गई थी जब वह भारतीयों द्वारा शासित भविष्य के भारत की कल्पना कर रहे थे। वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में बात कर रहे थे जहां शासक लोगों की खुशी के लिए शासन करेंगे। ऐसी व्यवस्था जहां सभी के लिए समान अधिकार होंगे, चाहे वह किसी भी वर्ग का हो, और हिंसा न्याय प्राप्त करने का माध्यम नहीं हो सकती। आज देश-दुनिया में शत्रुतापूर्ण ताकतों के अशुभ जमावड़े को देखते हुए इसके लिए जबरदस्त प्रयास की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह हमारा सच्चा लक्ष्य है जिसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। यदि हम अपने भीतर श्री राम को जागृत करें, तो हम हर जगह उस अंततः राम राज्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अब व्यक्तिगत और सार्वजनिक दोनों स्तरों पर उस दृढ़ प्रेरणा के उत्पन्न होने का समय आ गया है। यही हमें राम राज्य की ओर मोड़ सकता है और तभी अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण सार्थक होगा और एक विकसित देश का मार्ग प्रशस्त होगा।**



राम राज्य धर्म की भूमि है, जिसे एक साझा सार्वभौमिक चेतना की मान्यता में काव्यात्मक रूप से युवा और बूढ़े, उच्च और निम्न, सभी प्राणियों और स्वयं पृथ्वी के लिए शांति, सद्भाव और खुशी के क्षेत्र के रूप में वर्णित किया गया है। राम राज्य न केवल अतीत का बल्कि सर्वकालिक आदर्श है, और हमें प्राचीन भारत और उसकी महान परंपराओं के गौरव की याद दिलाता है। रामायण का संदेश धार्मिक मूल्यों, कर्म योग और सभी जीवन की पवित्र प्रकृति के प्रति सम्मान रखने की आवश्यकता है, भले ही इससे व्यक्तिगत नुकसान हो या आत्म-त्याग की आवश्यकता हो। यदि हम ऐसा करते हैं, जैसा कि भगवान राम के मामले में हुआ, तो प्रकृति की सभी शक्तियां हमारी रक्षा में आ जाएंगी। आज हमारी संस्कृति धर्म के विपरीत मूल्यों को बढ़ावा देती है, अहं-स्व के त्याग को नहीं बल्कि उसके बेलगाम विस्तार को। हमारे व्यक्तिगत अधिकार सर्वोच्च हैं, जिसके पीछे व्यावसायिक रूप से प्रेरित इच्छाओं, भूखों और आवेगों की बहुतायत छिपी हुई है। हमारी अपनी शारीरिक संतुष्टि ही हमारी सर्वोच्च भलाई बन गई है। यहां तक कि धर्म और आध्यात्मिकता का उपयोग किसी भी प्रकार के अतिक्रमण की तुलना में व्यवसाय या राजनीतिक शक्ति के साधन के रूप में अधिक किया जाता है। परिवार, समुदाय, देश और मानवता के प्रति कर्तव्य को हमारी व्यक्तिगत स्वतंत्रता, पहले अपनी शारीरिक इच्छाओं को संतुष्ट करने के हमारे अधिकार, जिनके मूल के बारे में हम न तो जानते हैं और न ही सवाल करते हैं, के उल्लंघन के रूप में देखा जाता है।

हमारी संस्कृति आत्म-बलिदान की नहीं बल्कि आत्म-पुष्टि की है। हम अपने लिए और पूरे जीवन के लिए अपनी कार्मिक ज़िम्मेदारी को भूल गए हैं, हालाँकि केवल इसी से हमारा जीवन सार्थक होता है और समग्र से जुड़ा होता है। हमारा समाज सेवा और आध्यात्मिकता के पर्याप्त संगत आंतरिक आयाम के बिना प्रौद्योगिकी के माध्यम से बाहरी रूप से विस्तृत हो गया है। हम अपना समय कृत्रिम इच्छाओं और अनावश्यक लालसाओं को पूरा करने में बिताते हैं जो सभी के लिए उचित संसाधन बनाने को सीमित करता है। निष्पक्ष लोकतंत्र, सुशासन और ईमानदारी को किसी देश के बाहर से छीना या थोपा नहीं जा सकता। सुशासन, गुणवत्तापूर्ण और नैतिक शिक्षा और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रत्येक नागरिक के निस्वार्थ प्रयास/समर्थन से खड़ा किया जा सकता है। हम केवल सुशासन के उपभोक्ता नहीं बन सकते; हमें भागीदार और सह-निर्माता बनना चाहिए। राजनेताओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों सहित सभी प्रमुख लोगों को अपना कार्य/कर्तव्य ईमानदारी और ईमानदारी से निभाना चाहिए। सभी के निडर और निःस्वार्थ, समेकित प्रयासों से सरकार/लोक सेवकों/जनता को मुख्य रूप से संविधान, नैतिकता और हमारी पारंपरिक संस्कृति द्वारा अपनाए गए व्यावहारिक/मुखर कानून के अनुसार देश की सेवा और गरीब नागरिकों के सामान्य हित पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, न कि किसी विशेष नेता/उनके राजनीतिक परिवार या समूह/समाज के वर्ग के हित में (जाति और समुदाय के आधार पर)।

हमें निश्चित रूप से भ्रष्टाचार, हेरफेर और भौतिकवाद के कई नए रावणों से लड़ने के लिए राम राज्य के एक नए आदर्श की आवश्यकता है, जिनके इन दिनों हजारों सिर हैं। फिर भी राम को खोजने के लिए हमें पहले सीता को खोजना होगा, जिसका अर्थ है पृथ्वी का सम्मान करना और उसकी ग्रहणशील और देखभाल करने वाली प्रकृति का अनुकरण करना। रावण को हराने के लिए हमें हनुमान को एक सहयोगी के रूप में प्राप्त करना होगा, जिसका अर्थ है ईश्वर को समर्पित जीवन उद्देश्य, न कि अलग स्वयं को। राम शाश्वत क्षेत्र में सदैव शासन करते हैं। सवाल यह है कि हम पृथ्वी पर धर्म के मुद्दे को कब अपनाएंगे और अधर्म के कारण होने वाले संघर्ष और द्वंद्व को छोड़ेंगे जो हमें विनाश की ओर ले जाता है। रामराज्य की अवधारणा हमेशा भारत के आम लोगों के साथ गूंजती रही है। रामराज्य को आम तौर पर भगवान राम का शासन माना जाता है और अक्सर इसे प्रशासन का सबसे अचूक रूप माना जाता है। स्वतंत्रता के समय, यही अवधारणा महात्मा गांधी द्वारा गढ़ी गई थी जब वह भारतीयों द्वारा शासित भविष्य के भारत की कल्पना कर रहे थे। वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में बात कर रहे थे जहां शासक लोगों की खुशी के लिए शासन करेंगे। ऐसी व्यवस्था जहां सभी के लिए समान अधिकार होंगे, चाहे वह किसी भी वर्ग का हो, और हिंसा न्याय प्राप्त करने का माध्यम नहीं हो सकती।

आज देश-दुनिया में शत्रुतापूर्ण ताकतों के अशुभ जमावड़े को देखते हुए इसके लिए जबरदस्त प्रयास की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह हमारा सच्चा लक्ष्य है जिसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। यदि हम अपने भीतर श्री राम को जागृत करें, तो हम हर जगह उस अंततः राम राज्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अब व्यक्तिगत और सार्वजनिक दोनों स्तरों पर उस दृढ़ प्रेरणा के उत्पन्न होने का समय आ गया है। यही हमें राम राज्य की ओर मोड़ सकता है और तभी अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण सार्थक होगा और एक विकसित देश का मार्ग प्रशस्त होगा।

# दंडकारण्य क्षेत्र हुआ राममय, हर गली मोहल्ले में खुशी का माहौल:केदार कश्यप





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर,23 जनवरी।** वन मंत्री केदार कश्यप सोमवार सुबह जगदलपुर में संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर यह कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मंत्री कश्यप ने कहा कि बस्तर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी का माहौल है। ये हम सब के लिए सौभाग्य का क्षण है। हम ऐसे समय के साक्षी बन रहे हैं, जब भगवान राम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। इसके लिए हमारे पूर्वजों ने लंबे समय तक संघर्ष किया। गोलियां चली, लाठियां खाई, शहादत दी और उसके बाद आज भगवान राम का मंदिर बन गया है। ये समय हर्ष का विषय है। भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी हर्षोल्लास है।

पूरे बस्तर को दंडकारण्य भूमि के रूप में मानते हैं। यहां पर भगवान राम के पदचरण पड़े थे। इस कारण से बस्तर के पूरे जंगल में कांटा नहीं मिलता, क्योंकि भगवान राम के पद चरण पड़े थे। हम ये भी मानते हैं कि प्रभु राम की कल्पना में जो चित्र सामने आता है, वो राजा के रूप में नहीं, वनवासी की वेशभूषा में दिखाई देते हैं।श्री राम जब अयोध्या में थे, तब राजा राम के रूप में जाना जाता था, जब प्रभु प्रभु ने दंडकारण्य की पावन भूमि पर कदम रखा तो उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रूप में पहचान मिली। आज राम मंदिर निर्माण की खुशी में बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लोग शामिल हो रहे हैं, ये बहुत हर्ष का विषय है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बस्तर,कोंडागांव,नारायणपुर क्षेत्र के कई मंदिरों में पहुँचे केदार कश्यप जगदलपुर सिरहसार के पास स्थिग जगन्नाथ मंदिर में भगवान श्री राम जी का पूजा अर्चना किया। इसके पश्चात भंगाराम चौक में भगवान शिव जी का पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। चपका शिव मंदिर, सोनारपाल हनुमान मंदिर में पूजा पाठ किये। इसके बाद भानपुरी में श्री राम जी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखे। वहीं फरसगुड़ा में बहुरिया माता मंदिर, बनियागांव राम मंदिर,छेरीबेड़ा राम मंदिर,नारायणपुर राम मंदिर पहुँच कर श्री प्रभु के चरणों में नतमस्तक हुए और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

## एक नजर

### कुरूद नगर हुआ राममय, भक्तिभाव से प्रभु का सभी ने किया स्वागत



**कुरूद।, 23 जनवरी।** अयोध्या में आज प्रभु श्रीरामचंद्र जी की प्राणप्रतिष्ठा के कार्यक्रम का उत्साह पूरे देश में चरम पर है।कुरूद नगर में भी इसका उल्लास छाया हुआ है।लगभग सभी वर्गो द्वारा इस पुण्य तिथि पर विभिन्न आयोजन हो रहे है। पूरा कुरूद नगर भगवान श्रीराम चंद्र जी के भगवा रंग में रंगा नजर आ रहा है। भाजपा कार्यालय में जहां अयोध्या में हो रहे मुख्य कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई। वहीं प्राचीन श्रीराम मंदिर सहित लगभग कुरूद नगर के सभी मंदिरो में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। लोगों का उत्साह चरम पर है। घरों और दुकानों में लोगों ने भगवा झंडा लगाकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे है,वहीं भजन-कीर्तन ,हनुमान चालीसा ,रामभजन की गूंज चारों ओर महक रही है। आरती पूजन प्रसादी और भंडारा का आयोजन हो रहा है। पूरा कुरूद आज राम जी के रंग में रंगा नजर आ रहा है।कुरूद नगर के स्वागत गेट से लेकर लगभग हर गली हर चौराहे पर भगवान श्रीराम चंद्र जी के रंग से सजा भगवा ध्वज नजर आ रहा है।द्वार-द्वार पर लोगों ने रंगोली से घरों को सजाया है।आज हर घर में दीपक की ज्योति सराबोर होगी। जय श्रीराम-जय श्रीराम की गूंज ओर छाई हुई है।लोग आज दीवाली जैसा वातावरण बनाकर प्रभु श्रीराम जी का स्वागत कर रहे है। वही बैड बाजे के साथ श्री राम सीता लक्ष्मण की झांकी नगर में निकाली गई सैकड़ो लोगों की भीड़ में बजे बजे के साथ लोग झूमते नजर आए।

### मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की हुई शिनाख्त

**बीजापुर।** थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत बलम नेंड्रा के पास बेलम गुटटा के पहाड़ी में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ मे मारे गए माओवादियों की हुई शिनाख्त महिला माओवादी ः- 1.पार्टी सदस्य सोनी मड़काम पिता कलाल थाना बासागुड़ा2. पार्टी सदस्य नागी पुनेम पिता बिचेन पुनेम ग्राम नेंड्रा थाना बासागुड़ापुरूष माओवादी3. कोसा कारम छ्ठयरू्र अध्यक्ष नेंड्रा मुठभेड़ में मारे गए पुरूष माओवादी कोसा कारम छ्ठयरू्र अध्यक्ष नेंड्रा के पद के ऊपर राज्य शासन के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् एक लाख रुपए का ईनाम घोषित है।

### प्रभु श्रीराम की आरती की



**आवापल्ली, 23 जनवरी।** आवापलली. मे भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत भजन कीर्तन के साथ प्रभु रामचन्द्र जी की आरती किया गया आवापल्ली के ओंकारेश्वर शिव मंदिर में भी अयोध्या रामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी, वा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी कोरसा जी ने वा जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु भक्तगण ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन कर प्रभु श्री रामचंद्र जी की आरती किया गयाइस दौरान जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, जनपद उपाध्यक्ष श्रीनिवास जी ,सरपंच श्रीमती मीनाक्षी एवं जनप्रतिनिधि वा श्रद्धालु भक्तगण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे ।

### कोई भी प्रकरण तभी निराकृत माना जाएगा जब उसका वास्तविक निराकरण हो

**कांकेर, 23 जनवरी ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय में निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रकरण पूर्ण रूप से निराकृत तभी माना जाएगा, जब तक कि उसका वास्तविक निराकरण न हो जाए। कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरण की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निबटारा करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी और रकबा समर्पण की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया।

## रामोत्सव..



### रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर सम्पूर्ण जिले में हुए भक्तिमय कार्यक्रम

**बीजापुर 23 जनवरी।** भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा लोगो के आस्था एवं श्रद्धा को देखते हुऐ एवं शासन के निर्देशानुसार पर सीधा प्रसारण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने भैरमगढ़ के श्रीराम मंदिर, नैमेड़ के शिव मंदिर, बीजापुर के गायत्री मंदिर, शिव मंदिर में दर्शन कर जिले वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### नेशनल इंटर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने 8 खिलाड़ियों का चयन

**बीजापुर 23 जनवरी ।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वार नेशनल इंटर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 फरवरी तक गुजरात में अयोजित किया जाएगा! प्रतियोगिता के लिए जिला एथलेटिक संघ बीजापुर के 8 चयनित खिलाड़ी 14 वर्ष 16 आयु वर्ग में भाग लेंगे! चयन प्रतियोगिता का आयोजन एजुकेशन सिटी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छात्रावास के सामने एथलेटिक्स स्टेडियम में किया गया था । इसमे 14 साल की उम्र में अंजली करम, ट्रायथलॉन (ए) 60 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, संतोषी भंडारी ट्रायथलॉन (सी) 60 मीटर, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़, बीरेंद्र ध्रुव ट्रायथलॉन (सी) 60 मीटर, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़ और 16 वर्ष की आयु में प्रियंका कुड़ियांम 600 मीटर, पूजा वाचम 600 मीटर दौड़ कूद 5 मीटर अप्रोच शॉट पुट स्टैंडिंग 600 मीटर दौड़ के लिए चयनित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### समूह की महिलाओं को लखपति बनाने रोड मैप तैयार



**बीजापुर 23 जनवरी।** सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 के अनुसार जिले में कुल 47हजार 9 सौ 74 परिवार हैं, जिसमें से कुल 20 हजार 3 परिवारों को स्व-सहायता समूहों में जोड़ा जा चुका हैं। वर्तमान में 27 हजार 9 सौ 71 परिवारों को समूहो में जोड़ा जाना बाकी हैं। इन ग्रामीण महिलाओं के परिवार की वार्षिक आय लगभग एक लाख से ऊपर करने हेतु रोड मैप तैयार किया जा चुका हैं। उक्त जानकारी देते हुए एनआरएलएम के सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने बताया कि कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला बीजापुर में समूह में जुड़े ग्रामीण महिला परिवारों का लखपति दीदी सर्वे हेतु वर्तमान में कुल 60 महिलाओं को सामुदायिक स्त्रोत संसाधन के रूप में प्रशिक्षित किया गया हैं, जिनके द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा हैं।

क्या हैं महिला लखपति दीदी योजना-लखपति दीदी योजना से महिलाएं अपना उद्योग धंधा एवं काम करके अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकेंगी। लखपति दीदी योजना के तहत सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। जिससे कि महिलाएं अपने स्वयं का उद्योग धंधा आजीविका एवं अन्य कार्य कर सके।

**कैसे बनाया जाएगा समूह की दीदीयों को लखपति** - प्रत्येक ग्राम स्तर पर ग्राम गरीबी उन्मूलन परियोजना तैयार किया जाता हैं, जिसमें समूह के ही महिलाओं को सामुदायिक स्त्रोत संसाधन के रूप में प्रशिक्षण दिया जाता हैं। इन प्रशिक्षत महिला के द्वारा समूह में जुड़े प्रत्येक महिला परिवारों के लिए गरीबी उन्मूलन परियोजना तैयार कर ग्राम संगठन स्तर पर संकलित किया जाना हैं। इस संकलित परियोजना को ग्राम सभा में प्रस्तुत किया जावेगा। सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में अभिसरण कर स्व-सहायता समूह के महिलाओं के आय सृजन हेतु कार्य किया जाता हैं। जैसे - महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत हितग्रही हेतु मत्स्य पालन हेतु तालाब निर्माण, सब्जी भाजी उत्पादन हेतु कुऑ निर्माण, वृक्षारोपण कार्य, भूमिसमतलीकरण, गाय शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड, सुकर शेड आदि कार्य स्वीकृत कराकर विभागों के साथ अभिसरण कराया जाता हैं।

### जादू-टोना के शक में आरोपीगण ने की हत्या



**बीजापुर 23 जनवरी।** दिनांक 18/12/2023 को थाना मोदकपाल क्षेत्रान्तर्गत पटेलपारा नुकनपाल जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मोदकपाल द्वारा तस्दीकी हेतु हमराह बल के साथ घटनास्थल पर रवाना हुए। घटनास्थल पर तस्दीकी कार्यवाही के दौरान शव ग्राम नुकनपाल निवासी बंडे कुड़ियम का होना पाया गया। मौके पर पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पी0एम0 हेतु बीजापुर अस्पताल भेजा गया ।प्रकरण में प्राप्त पी0एम0 रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का पाए जाने पर थाना मोदकपाल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान घटना के संदेही सुकलू कुड़ियम से पूछताछ करने पर बताए कि मृतक द्वारा जादू टोना करने से अर्जुन कुड़ियम का बड़ा बेटा का तबियत हमेशा खराब रहता है । इसी शंका के आधार पर आरोपी अर्जुन कुड़ियम ने अपने गॉव के मुन्ना कुड़ियम एवं सुकलू कुड़ियम के साथ मिलकर जलती हुई लकड़ी एवं नुकीले लकड़ी से चोट पहुंचाकर बंडे कुड़ियम की हत्या करना स्वीकार किये ।

# सिकासेर से दो-तीन दिन में रबी फसल के लिए पानी छोड़ा जाएगा:रोहित साहू

■ बिंद्रानवागढ़ को सिंचाई के अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध हो -जनक

■ जिले 72 पंचायत के 9000 एकड़ खेत सींचित होंगे- कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 23 जनवरी।** गरियाबंद जल उपयोगिता समिति की बैठक आहूत की गई थी जिसमें राजिम विधायक रोहित साहू एवं बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक लाल ध्रुव के साथ ही जिलाधीश गरियाबंद दीपक अग्रवाल एवं जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस.बर्मन उपस्थित थे बैठक में निर्णय लिया गया बृक्षद शिकासेर बंन्ध व लघु अन्य बांधों के माध्यम से जो 42 पंचायतें हैं के 7000 एकड़ एवं 28 पंचायत के 2000 एकड़ के खेतों को सिंचित किया जाना है जिसमें कुल 70 पंचायत में के 9000 हजार एकड़ भूमि पर सिंचाई किया जाएगा जिसके लिए रबी फसल के लिए पानी छोड़ा जाएगा ।

इस संबंध में राजीव विधायक रोहित साहू ने बताया कि जल्द ही शिकासेर का पानी छोड़ा जाएगा जिससे किसानों की लंबित बहु प्रतिक्षित मांग पूरी होगी वही साहू ने यह भी कहा कि पिछले 5 सालों से लगातार रवि फसल की के लिए पानी की मांग किया जाता रहा है किंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया हमारी सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं सिंचाई मंत्री ने तत्काल इस मांग को पूर्ण करने को कहा है ।राजिम एवं गरियाबंद क्षेत्र के किसान लंबे समय से सिचाई हेतु बृहद एवं लघु सिंचाई योजनाओं से रवि फसल हेतु पानी की मांग कर रहे थे जिसे देखते हुए आज जिला कार्यालय में विधायक राजिम रोहित साहू एवं बिंद्रा नवागढ़ के विधायक जनक लाल ध्रुव के उपस्थिति में संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी जल उपयोगिता समिति में उपस्थित थे उक्त बैठक जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई थी इस अवसर पर समिति ने निर्णय लिया की शिकासेर व अन्य बांधों से किसानों को अधिक से अधिक रवि फसल हेतु लाभ दिया जाए विशेष कर बीते 5 सालों से किसान जो मांग कर रहे थे उसे इस साल प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए ।इसे देखते हुए लगभग 72 पंचायत के 9000 हेक्टेयर भूमि को संचित करने का फैसला लिया गया है गर्मी के सीजन में पानी की कमी को देखते हुए बांध से पानी छोड़ा जाएगा और प्रयास किया जाएगा कि इस बांध से अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले श्री रोहित साहू ने बताया कि जल्द ही दो-तीन दिनों के अंदर इस पर कार्यवाही होगी और पानी छोड़ा जाएगा किसानों को बड़ी राहत मिलेगी ।वही जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने बतलाया कि आज आज जल उपयोगिता समिति के समस्त विभागों की बैठक थी और किसानों के मांग के अनुरूप पानी छोड़ा जा रहा है एक-दो दिन में और परीक्षण कर स्थिति का आकलन कर प्रयास किया जाएगा अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके वही बिंद्रा नवगढ़ के विधायक जनक लाल ध्रुव ने कहा कि बिंद्रा नवागढ़ क्षेत्र में सिंचाई की सर्वाधिक दिक्कतें व परेशानी है वे लगातार प्रयास कर रहे हैं कि बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र को अधिक से अधिक लाभ मिले बृहद एवं लघु बांध बने बरही बान्ध को लेकर उड़ीसा सरकार से कुछ दिक्कतें हैं उसे भी जल्द हल कर लिया जाएगा उन्होंने कहा कि उनके प्रमुख उद्देश्य सिंचाई के चलते किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाना है।

# रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर जिले भर में रामधुन, भजन-कीर्तन किया गया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 23 जनवरी ।** जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को देखने हेतु सभी विकासखण्डों के मंदिर, देवालय, स्कूल, आश्रम, छात्रावासो सहित पंचायतों के प्रमुख स्थानों पर व्यापक व्यवस्था की गई।वहीं जिला स्तर का रामोत्सव कार्यक्रम बीजापुर स्थित मीना बाजार मैदान में आयोजित हुआ जिसमें एलईडी स्क्रीन पर भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को सभी भक्तों, श्रद्धालुओं एवं जनमानस ने श्रद्धापूर्वक देखा, भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को देखकर जनमानस भावविभोर होकर जयश्रीराम का उद्घोष किए। मानस मंडली द्वारा प्रभु श्रीराम के भजन का निरंतर आयोजन से बीजापुर राममय होते नजर आया। प्रमुख समारोह स्थल पर सुंदर आकर्षक रंगोली गायत्री परिवार बीजापुर के सौजन्य से बालिकाओं द्वारा बनाया गया था एवं पूर्व संध्या में चौबीस सौ दीपों के साथ दीपोत्सव भी मनाया गया। जिला प्रशासन बीजापुर के सौजन्य से रामभक्तों के श्रद्धा और आस्था को ध्यान में रखते हुऐ व्यवस्था की गई थी वहीं श्री रामभक्तों के सौजन्य से जनमानस के लिए भंडारा की व्यवस्था की गई थी। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम इतिहास की उस घड़ी के साक्षी बन रहे हैं जिसे हमारे पूर्वजों ने कभी नही सोचा था। आज अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलो से हुई। यह अवसर सदियों में कभी-कभी आता है। हमारे पूर्वजों के आशीर्वाद और हमारे पूर्व जन्मों के अच्छे कर्म का प्रतिफल है जो हम इस पुण्य घड़ी में शामिल होकर श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को देख पाए। भारत सरकार के निर्णय का छत्तीसगढ़ सरकार कदम से कदम मिलाते हुए आज के दिन को शासकीय अर्ध अवकाश घोषित किया। शासकीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया था लेकिन शासन के निर्णय से साथ ही साथ जनमानस ने हजारों की जनसख्या में आस्था और विश्वास ने कार्यक्रम को सफल बनाया बीजापुर जैसे सुदूर अंचल में उत्साह और उमंग अन्य जिलों के समान दिखा कलेक्टर ने कहा भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में व्यापक जनभागीदारी दिखा। भगवान श्री राम दण्डकारण्य बस्तर क्षेत्र से अधिक प्रभावित हैं। वनवास के दौरान सर्वाधिक समय दण्डकारण्य के जंगलों में बिताया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक और मनमोहक रंगोली बनाने वाले बालिकाओं को पुरूस्कार स्वरूप शील्ड एवं रामचरित मानस पुस्तक प्रदाय किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री बेनहूर रावतिया, वरिष्ठ नागरिक श्री जी वेंकट, श्री श्रीनिवास मुदलियार, श्री नंदूराणा सहित संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत बीजापुर श्री गीत कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मसराम, डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उईके, श्री उत्तत पंचारी, श्री नारायण गवेल, श्री जागेश्वर कौशल सहित अधिक कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नारायणपुर सुभाष चौक में मनाया गया पराक्रम दिवस

# सुभाष चंद्र बोस की तरह पीएम मोदी भी राष्ट्रदेव की सेवा में लगे हुए हैं:केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**नारायणपुर, 23 जनवरी।** आज सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर नारायणपुर स्थित सुभाष चौक में पराक्रम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नारायणपुर क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व बंग समाज के लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह पराक्रम दिवस सम्पूर्ण भारत वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्?होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है। जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्?होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है। जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है।वनमंत्री ने कहा कि गलतियों को अगर आप चुपचाप देखकर अनदेखा कर रहे हैं तो इससे बड़ा अपराध कोई नहीं। सुभाष चंद्र बोस भी लोगों को यह प्रेरणा देते थे कि याद रखो अगर तुम अन्याय सह रहे हो, अपराध देख रहे हो या गलत के साथ समझौता कर रहे हो तो यह सबसे बड़ा अपराध है।नेता जी हमेशा उच्?च विचारों पर चलना स्वीकार करते थे। उन्होंने अपने विचारों में भी यह कहा था कि अगर आप उच्च विचारों के साथ जीवन जीते हैं तो यह आपकी कमजोरियों को दूर करने का ताकत देती है इसलिए हमें उच्च विचारों के साथ जीना चाहिए।

**प्रधानमंत्री मोदी जी का जताया आभार, कहा प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रसाधक हैं** -इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी का जिक्र करते हुए कहा कि नेता जी के आदर्शो पर चल रहे हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हम सबने मोदी जी का त्याग और समर्पण देखा ही है। सुभाष चंद्र बोस की तरह मोदी जी भी दिन रात राष्ट देव की सेवा में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के असली नायकों को पहचान दिलाने का कार्य किया है। केदार ने कहा कि आज के दिन को हम पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं यह मोदी जी के इच्छाशक्ति का परिणाम है। हमने देखा है कि किस तरह से पिछले 70 सालों में केवल एक ही परिवार का गुणगान होता रहा आज भारत भूमि के प्रत्येक राष्ट भक्त को सम्मान मिल रहा है। इस पावन अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि देश और समाज की सेवा के लिए हम सभी आगे बढ़ कर कार्य करेंगे।

## एक नजर

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे कौडुटोला चौकी



**राजनांदगांव 23 जनवरी।** छूरिया खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ग्राम कौडुटोला के जन आस्था का केंद्र प्राचीन श्री हनुमान जी मंदिर की पुननिर्मित मंदिर का लोकार्पण एवम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा गया था वहा पहुंचकर जनमानस को संबोधित किया साथ में जिला कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उदेराम साहू जी ,जिला कांग्रेस कमेटी के सयुक्त महामंत्री पुरन नेताम जी,,सादिक रहमानी जी,गया दास साहू जी, कांग्रेस नेता बेनी प्रसाद साहू जी,मानिक राम यादव ग्राम पटेल , चुनू राम साहू,ग्राम सरपंच परमिला नेताम , उप सरपंच वनिता जी,भुवर सिंह साहू ग्राम प्रमुख भक्त प्रेमी उपस्थित रहे।

### रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंवरी में काफ़ी उत्साह



**अंवरी 23 जनवरी।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंवरी में खुशी उमंग एवं उत्साह का माहौल रहा । यहां जगह-जगह भक्ति-भाव में पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाजार चौक में स्थित मंदिर में अपार उत्साह के साथ पूजा-पाठ भजन गायन के कार्यक्रम आयोजित हुए। साथ ही महामाया मंदिर से शुरू होकर भव्य कलश यात्रा के साथ गांव के गलियों का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवाशी उपस्थित रहें।

### नवा रायपुर में रामलला के विग्ह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भारी उत्साह

**रायपुर, 23 जनवरी।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे प्रदेश में खुशी उमंग एवं उत्साह का माहौल है। नवा रायपुर में भी लोगों में भारी उत्साह एवं उमंग देखी गई। नवा रायपुर में जगह-जगह भक्ति-भाव में पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्रालय के पास स्थित हनुमान मंदिर में अपार उत्साह के साथ पूजा-पाठ, भजन-गायन के कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें मंत्रालयीन अधिकारी-कर्मचारियों सहित क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। नवा रायपुर क्षेत्र में एलईडी के माध्यम से अयोध्या में आयोजित भव्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी लोगों ने देखा। अटल नगर नवा रायपुर के सेक्टर-27, 28, 29 एवं 30 सहित ग्राम राखी, नवागांव, खपरी सहित अन्य गांव के ग्रामीणजन भजन कीर्तन, पूजा और प्रसाद वितरण के माध्यम से रामोत्सव के आयोजन में शामिल हुए।

### बघेल ने मोहतरा के राम मंदिर दर्शन करके प्रदेश की खुशहाली की कामना की



**रायपुर, 23 जनवरी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के ग्राम घोरहा में अखंड नवधा रामायण में शामिल हुए और ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात करके शासकीय योजनाओं की जानकारी ली और लोगों को अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। श्री दयाल दास बघेल ग्राम संबलपुर में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर और राम मंदिर का दर्शन करके प्रदेश की खुशहाली का आर्शीवाद लिया। श्री बघेल ने ग्राम मोहतरा में राम मंदिर जाकर दर्शन किया और कहा कि 22 जनवरी 2024 का दिन हमारे लिए बहुत ही अनमोल है। आज हमें सदियों की धरोहर के रूप में राम मंदिर मिला है। सब पर राम की कृपा बनी रहे श्री राम कई वर्षों के बाद अपनी जन्मभूमि लौटे हैं, जिसकी खुशी आज पूरा भारत वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मना रही है। पूरे गांव, शहर में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जा रहा है।

# कुपोषण दूर करने के लिए फोर्टिफाइड फसल और खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जाए:कुलपति डॉ. चंदेल

**रायपुर, 23 जनवरी।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा है कि आज हमारा देश खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है। लोगों को पर्याप्त मात्रा में खाद्य सुरक्षा प्राप्त हो रही है, उसके बाद भी हमारा देश कुपोषण से जूझ रहा है। इसका प्रमुख कारण खाद्य पदार्थां में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होना है। उन्होंने कहा कि कुपोषण दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि फोर्टिफाईड फसलों एवं खाद्य पदार्थां का उपयोग किया जाए। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों एवं जैव प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों से आव्हान किया कि वे विभिन्न फसलों की फोर्टीफाईड किस्में विकसित करें जो लोगों को अधिक मात्रा में पौष्टिक तत्व प्रदान करने में सक्षम हों। स्कूलों तथा आंगनबाडी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन में फोर्टीफाईड खाद्य पदार्थों का उपयोग किया जाना चाहिए। डॉ. चंदेल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर बायोटेक्नालॉजी विभाग एवं खाद्य




प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से कृषि, पोषण एवं लोक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में राज्य शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारी, चिकित्सक, कृषि वैज्ञानिक, जैव प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, उद्योगपति, स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे।कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान जनसंख्या वृद्धि की दर को देखते हुए यह अनुमानित है कि वर्ष 2047 तक देश की जनसंख्या लगभग 165 करोड़ होगी। इतनी बड़ी जनसंख्या के लिए खाद्य एवं पोषण सुरक्षा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी। इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों एवं बायोटेक्नोलॉजिस्ट को मिलकर काम करना होगा तथा फसलों की अधिक उत्पादन एवं पोषण देने वाली किस्में विकसित करनी होगी। पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के समुदायिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत जायसवाल ने पोषण की चुनौतियों एवं इसके लोक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय लोगों में काफी बड़ी संख्या में एनीमिया पाया जाता है, जिसकी रोकथाम के लिए प्रोटीन समृद्ध भोजन लिया जाना चाहिए जिससे आयरन एवं फोलिक एसिड का शरीर में पर्याप्त मात्रा में अवशोषण हो सके। पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के एनिमिया विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र अग्रवाल ने एनिमिया के विभिन्न पहलुओं तथा इसके कारण होने वाले स्वास्थ्यगत समस्याओं के बारे में जानकारी दी तथा एनीमिया से लड़ने के तरीकों पर प्रकाश डाला। गोयेल्ड फ्रोज़न फूड्स के प्रमुख डॉ. राकेश मीणा ने पोषक समृद्ध खाद्य पदार्थां के विकास, संभावनाओं तथा चुनौतियों पर चर्चा की। ''फार्म टू फोर्क सॉल्यूशंस'' मुम्बई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. उमेश कांबले ने खाद्य सुरक्षा एवं एफ.एस.एस.ए.आई. संस्था की भूमिका पर प्रकाश डाला। कृषि विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश वेरूलकर ने विभिन्न प्रकार के फोर्टीफाईड्स फूड्स के बारे में जानकारी देते हुए मानव स्वास्थ्य पर फोर्टीफाईड खाद्य पदार्थां के प्रभाव पर प्रकाश डाला।

# अव्यवहारिक फरमान से धान उपार्जन केन्द्रों में अफरातफरी,खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग

**रायपुर 23 जनवरी ।** आवश्यकता पर धान खरीदी तिथि बढ़ाने संबंधी ?मुख्यमंत्री के सार्वजनिक आश्वासन के बाद भी अभी निर्धारित तिथि 31 जनवरी तक धान खरीदी का लक्ष्य पूरा कर वाहवाही लूटने के चक्कर में प्रशासन द्वारा दिये जा रहे अव्यवहारिक फरमानों से धान उपार्जन केन्द्रों में अफरातफरी मच गया है । हमालो की समस्या के बीच प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य बढ़ाते जाने के चलते जहां खरीदी गड़बड़ा गयी है वहीं प्रभावी परिवहन न होने से केन्द्रों में धान जाम होने से अधिकांश केन्द्रों में खरीदी भी ठप्प होने के कगार पर है । प्रशासनिक रव्वैया के चलते खरीदी तिथि न बढ़ने की आंशका की वजह से किसानों में केन्द्रों तक धान पहुंचाने की? होड़ मच गयी है तो निर्धारित लक्ष्य को पूरा न कर पाने पर कार्यवाही के भय से केन्द्रों के प्रभारी दहशत में है । स्थिति को देखते हुये अविलंब 15 फरवरी तक खरीदी तिथि बढ़ाये जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मुख्य सचिव अमिताभ जैन को मेल से आज मंगलवार को ज्ञापन भेज किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने की है । ज्ञातव्य हो कि प्रदेश में सत्तासीन रहे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 31जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लेते हुये प्रत्येक केन्द्रों के लिये प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया था । सत्ता परिवर्तन के बाद सत्तारूढ़ हुये भाजपा के मुख्यमंत्री श्री साय ने आवश्यकता होने पर खरीदी तिथि बढ़ाने की सार्वजनिक आश्वासन दी थी पर अभी तक अधिकृत घोषणा नहीं हो पाया है । आश्वासन को अभी तक अमलीजामा नहीं पहनाये जाने व प्रशासन द्वारा प्रतिदिन खरीदी के निर्धारित लक्ष्य को बढ़ाते जाने से केन्द्रों में अफरातफरी मच जाने की जानकारी प्रेषित ज्ञापन में देते हुये श्री शर्मा ने लिखा है कि इसकी वजह से किसानों व केन्द्र प्रभारियों को संदेश जा रहा है कि खरीदी तिथि नहीं बढ़ेगी जिसकी वजह से मारामारी की स्थिति बनने लगी है । ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि मांग के अनुरूप मजदूरी नहीं मिलने व प्रशासनिक दबाव डाल जबरिया रोजगार गारंटी का काम शुरू करा दिये जाने के चलते धान भरने , कट्टों की सिलाई करने व स्टेकिंग करने खोजे हमाल नहीं मिल रहे व खरीदे जा रहे धान का प्रभावी परिवहन न होने से धान खरीदी हेतु जगह नहीं होने से अधिकांश केन्द्रों में खरीदी भी ठप्प होने के कगार पर है । शासन द्वारा निर्धारित चबूतरों पर धान रखने की जगह न होने के कारण किसानों व शासन के दबाव में खरीदे जा रहे धान को मजबूरीवश जमीन में रखने व अन्य शासकीय फरमानों का पालन न करने पर निलंबन व सेवामुक्ति जैसे अनुशासनात्मक कार्यवाही की आंशका से केन्द्रों के प्रभारियों के दहशत में होने व? तिथि में वृद्धि संबंधी अधिकृत घोषणा न होने से किसानों के भी सान्सत में होने की जानकारी देते हुये व अव्यवहारिक फरमानों के चलते शासन - प्रशासन सहित सोसायटियों को होने जा रहे संभावित नुकसानी के मद्देनजर व्यापक ?हित में कम से कम आसन्न 15 फरवरी तक खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग करते हुये अविलंब इसकी घोषणा का आग्रह किया है ।


# अव्यवहारिक फरमान से धान उपार्जन केन्द्रों में अफरातफरी , खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग

**रायपुर, 23 जनवरी।** आवश्यकता पर धान खरीदी तिथि बढ़ाने संबंधी ?मुख्यमंत्री के सार्वजनिक आश्वासन के बाद भी अभी निर्धारित तिथि 31 जनवरी तक धान खरीदी का लक्ष्य पूरा कर वाहवाही लूटने के चक्कर में प्रशासन द्वारा दिये जा रहे अव्यवहारिक फरमानों से धान उपार्जन केन्द्रों में अफरातफरी मच गया है । हमालो की समस्या के बीच प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य बढ़ाते जाने के चलते जहां खरीदी गड़बड़ा गयी है वहीं प्रभावी परिवहन न होने से केन्द्रों में धान जाम होने से अधिकांश केन्द्रों में खरीदी भी ठप्प होने के कगार पर है । प्रशासनिक रव्वैया के चलते खरीदी तिथि न बढ़ने की आंशका की वजह से किसानों में केन्द्रों तक धान पहुंचाने की? होड़ मच गयी है तो निर्धारित लक्ष्य को पूरा न कर पाने पर कार्यवाही के भय से केन्द्रों के प्रभारी दहशत में है । स्थिति को देखते हुये अविलंब 15 फरवरी तक खरीदी तिथि बढ़ाये जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मुख्य सचिव अमिताभ जैन को मेल से आज मंगलवार को ज्ञापन भेज किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने की है । ज्ञातव्य हो कि प्रदेश में सत्तासीन रहे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 31जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लेते हुये प्रत्येक केन्द्रों के लिये प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया था । सत्ता परिवर्तन के बाद सत्तारूढ़ हुये भाजपा के मुख्यमंत्री श्री साय ने आवश्यकता होने पर खरीदी तिथि बढ़ाने की सार्वजनिक आश्वासन दी थी पर अभी तक अधिकृत घोषणा नहीं हो पाया है । आश्वासन को अभी तक अमलीजामा नहीं पहनाये जाने व प्रशासन द्वारा प्रतिदिन खरीदी के निर्धारित लक्ष्य को बढ़ाते जाने से केन्द्रों में अफरातफरी मच जाने की जानकारी प्रेषित ज्ञापन में देते हुये श्री शर्मा ने लिखा है कि इसकी वजह से किसानों व केन्द्र प्रभारियों को संदेश जा रहा है कि खरीदी तिथि नहीं बढ़ेगी जिसकी वजह से मारामारी की स्थिति बनने लगी है । ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि मांग के अनुरूप मजदूरी नहीं मिलने व प्रशासनिक दबाव डाल जबरिया रोजगार गारंटी का काम शुरू करा दिये जाने के चलते धान भरने , कट्टों की सिलाई करने व स्टेकिंग करने खोजे हमाल नहीं मिल रहे व खरीदे जा रहे धान का प्रभावी परिवहन न होने से धान खरीदी हेतु जगह नहीं होने से अधिकांश केन्द्रों में खरीदी भी ठप्प होने के कगार पर है । शासन द्वारा निर्धारित चबूतरों पर धान रखने की जगह न होने के कारण किसानों व शासन के दबाव में खरीदे जा रहे धान को मजबूरीवश जमीन में रखने व अन्य शासकीय फरमानों का पालन न करने पर निलंबन व सेवामुक्ति जैसे अनुशासनात्मक कार्यवाही की आंशका से केन्द्रों के प्रभारियों के दहशत में होने व? तिथि में वृद्धि संबंधी अधिकृत घोषणा न होने से किसानों के भी सान्सत में होने की जानकारी देते हुये व अव्यवहारिक फरमानों के चलते शासन - प्रशासन सहित सोसायटियों को होने जा रहे संभावित नुकसानी के मद्देनजर व्यापक ?हित में कम से कम आसन्न 15 फरवरी तक खरीदी तिथि बढ़ाने की मांग करते हुये अविलंब इसकी घोषणा का आग्रह किया है ।


# रमन सिंह ने खुद कहा मैं असफल मुख्यमंत्री:कुलबीर

**राजनांदगांव 23 जनवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पिछले दिनों एक बयान देते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनसे भी अच्छे मुख्यमंत्री साबित हो रहे हैं। इस बयान पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ङ्क ऐसा बयान देकर डॉ. रमन सिंह जी ने साबित कर दिया कि वे अपने मुख्यमंत्रित्व काल में



असफल साबित हुए। उनका खुद का निर्वाचन क्षेत्र उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार से ग्रसित रहा। प्रदेश के हालात बदतर रहे। चिटफंड जैसा घोटाला उनके कार्यकाल में हुआ जिसमें लाखों लोगों की पूंजी डूब गई। कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि ङ्क नई सरकार के आने के बाद दो महिने में ही डॉ. रमन सिंह को एहसास हो रहा है कि वे बेहतर मुख्यमंत्री नहीं थे। उन्हें इसका पश्चाताप करना चाहिए। 15 साल के अपने मुख?यमंत्रित?व काल में उन?होंने जो नाइंसाफी छत?तीसगढ़ के साथ की उसे जनता आज भी नहीं भूली है। बहरहाल, भाजपा भी ये बात समझ चुकी है इसलिए उन्हें दोबारा मुख्यमंत्री की जवाबदारी नहीं दी गई। उन्होंने आगे कहा कि ङ्क रही बात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कामकाज की तो भाजपा सरकार को कामकाज संभाले दो महिने पूरे हो चुके हैं। इस बीच ऐसी कोई घोषणा पर अमल नहीं किया गया है जिन्हें ये चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी बताते रहे थे। हवा-हवाई दावों का काम भाजपा का है, जुमलेबाजी करने का काम भाजपा का है। मातृ वंदन योजना, किसानों को 31 सौ रुपए धान का समर्थन मूल्य देने और एकमुश्त नगद भुगतान, 5 सौ रुपए में सिलेंडर, महाविद्यालय के छात्रों को मासिक ट्रेवल अलॉऊंस की राशि जैसी घोषणाएं धरी की धरी रह गई हैं।छाबड़ा ने कहा कि ङ्क डॉ. रमन सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व काल में 15 बरस तक भाजपा ने छत्तीसगढ़ का शोषण किया। उस सरकार ने किसानों की माली हालत ऐसी कर दी थी।

## समाचार संक्षेप

### यातायात रथ से यातायात नियमों के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता अभियान जारी



**राजनांदगांव 23 जनवरी।** 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सातवे दिन पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात श्री हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में यातायात विभाग के प्र.आर. अनुरंजन बारा द्वारा जिले के ग्राम अर्जुनी बाजार, डोंगरगांव, कुमर्दा, खुज्जी, रामपुर, सिंगारपुर, घोरदा क्षेत्रों में यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत से सुसज्जित यातायात रथ फ्लैक्स के माध्यम से पाम्पलेट वितरण कर आम लोगो को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अपील की जा रही है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालात में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### ओपन जिम का उद्‌घाटन



**राजनांदगांव 23 जनवरी।** ग्राम भोडिया में युवाओं के मांग रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य ने जनपद निधि से 2 लाख मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य विशेष अतिथि दिललु साहू सरपंच ढोडिया लोकेश गंगवीर सरपंच धामनसरा हुकुम बारसागढे पूर्व सरपंच ढोडिया लिखन साहू अतिथि में ओपन जीम बजरंगबली पुजा अर्चना कर फीता काट उद्घाटन किया और हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ पुजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों सुख समृद्धि कामना करते हुए रामचंद्र जी अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी को बधाई दी मंदिर प्रांगण में भंडारा आयोजित किया गया।

### अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठ पूरा शहर हुआ राममय

**रायपुर 23 जनवरी।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन आज पूरे रायपुर शहर में उत्सव सा माहौल रहा ।ज़िला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम ने आम नागरिकों की सुविधा हेतु प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण की कई स्थलों पर व्यवस्था की गई थी ,वही मंदिरों में विशेष साफ सफाई में की गई। रायपुर नगर निगम की अगुवाई में शहर के कई एनजीओ ने मिलकर 100 से भी अधिक जलाशयों में 10 लाख से भी अधिक दीप प्रज्वलित कर इस यादगार दिवस को भव्यता दी। मंदिरों में विशेष भंडारे की व्यवस्था की गई । नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर सभी मंदिर , तालाबों में नगर निगम का अमला तैनात रहा और स्वच्छता दीदियों ने उल्लास के दौरान शहर को स्वच्छ रखने की सभी से अपील करते दिखी ।

### वार्षिक कैलेंडर का विमोचन सीएम साय ने किया



**रायपुर 23 जनवरी।** दैनिक अमन पथ का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों हुआ मुख्यमंत्री ने दैनिक अमन पथ को कैलेंडर के विमोचन पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ ही दैनिक अमन पथ की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अमन पथ की प्रशंसा की और मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अमन पथ बहुत ही कम समय में अपने उच्च शिखर को प्राप्त किया है एवं छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनाई है । विमोचन समारोह में अमन पथ स्थानीय संपादक रमेश पांडे ,प्रबंधक लोकेश साहू एवं पत्रकार राकेश निषाद , पत्रकार शिव दत्ता उपस्थित थे।

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूसरे दिन रहे अश्वनी कांगे

# वार्षिक कोया करसाड़ का मावा नाटे मावा राज नारा के साथ हुआ समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 23 जनवरी।** मावा नाटे मावा राज के लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर परिणित करने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोया कुटमा आदिवासी समाज द्वारा जिला स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक ÷कोया करसाड़÷ 2024 का आयोजन किया गया है। कोया शब्द मानव के मूल या जड़ को प्रदर्शित करता है दुनिया के मूल समुदाय द्वारा आयोजित करसाड़- ÷ कोया करसाड़÷ कहलाता है इस करसाड़ में पुरखा पेन शक्तियों की उपस्थिति में प्रत्येक नार से ढोल लेकर हजारों लया लयोरो का हुजूम उमड़ता है जो अपने पुरखो के सम्मान में अपने जल जंगल जमीन को सुरक्षित करने के भावना के साथ ध्वनि तरंगों से पुरे दुनिया को संदेश देते हैं इस अवसर पर समुदाय के आगामी भविष्य की योजनाओं के लिए मुखियाओं के द्वारा बुमकाल समुदाय को संबोधित भी किया जाता है । इस वर्ष के कोया करसाड़ में प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में तिरूमला रामा मड़कामी, कोया गायक, उड़ीसा एवं द्वितीय



दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में संवैधानिक अधिकारों को जन जन तक पहुचाने वाले केबीकेएस के प्रमुख अश्वनी कांगे जी को आमंत्रित किया गया, उन्होंने अपने लगभग 2 घंटे के लंबे उद्बोधन में कहाँ कि संविधान प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए हमें हर गांव के पारम्परिक सीमा (पेन हंद) का जीपीएस सीमांकन कर सामुदायिक वनाधिकार का दावा करना जरूरी है यदि हम ऐसा करेंगे तभी हमारे मावा नाटे मावा राज का कोई मतलब है उन्होंने कहा कि कोया संस्कृति दुनिया को जैवविविधता व प्रकृति से प्यार करने की सीख हजारों सालों से देते हुए आ रहे हैं दुनिया में जो ÷लोकतंत्र ÷ ÷गणतंत्र÷ का नाम हम सुनते आ रहे हैं यह शब्द भी कोया संस्कृति की देन है कोया संस्कृति ने ही हजारों साल पूर्व महान हड़प्पा मोहनजोदड़ो सभ्यता की नीव रखी थी हड़प्पा सभ्यता में प्राप्त तीन सींग के देवता और कोई नहीं हमारे पेन पुरखे ही है इस कोया करसाड़ पर आप हमारे ढोल नर्तकों को सिर पर को कट्टा धारण करते हुए जीवंत देख सकते हैं

इस अवसर पर अश्वनी कांगे जी के साथ बस्तर जिले से तुलसी मंडावी, कोंडागांव से तुलसी नेताम, कांकेर से संदीप सलाम, अनुभव शोरी आदि अतिथि सम्मिलित हुए।

उक्त दो दिवसीय वार्षिक कोया करसाड़ सम्मेलन को सफल बनाने में कोया समाज दंतेवाड़ा जिले के जिला अध्यक्ष नेताम जी, ति. सुरेश कर्मा अध्यक्ष सर्व शिक्षा समाज दंतेवाड़ा, ति. मासा कुंजाम, ति. मंगलू बारसा, ति. गंगा कश्यप, ति. जी पी मरकाम, ति. बल्लू भवानी, ति. कमलेश कुंजाम, ति. चमन कुंजाम, ति. भीमसेन मंडावी, ति. आनंद मुड़ामी, ति. हेमलाल कुंजाम एवं मुख्य रूप से बहुत से सगाजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित मंच संचालन कुमा बारसा और प्रमोद कर्मा द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

### खाद्य मंत्री बघेल ने 'जूनी सरोवर मेला' कार्यक्रम की तैयारी का लिया जायजा

**रायपुर, 23 जनवरी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम ढनढनी में जूनी सरोवर मेला स्थल और हैलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 17 जनवरी से 25 जनवरी तक छेर-छेरा पुन्नी के पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा महापुराण व विशाल मेला का आयोजन किया जा रहा है। श्री बघेल ने सुरक्षा संबंधी, पार्किंग व्यवस्था, गणमान्य नागरिकों की बैठक व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने सरोवर, मंदिर की साफ़-सफ़ाई, मंच, विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।


## कार्यालय प्राचार्या
## स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग)

क्रमांक/86/शानम/निविदा/2024 कबीरधाम, दिनांक: 19/01/2024

**मैनुअल पद्धति से तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.) में **सुरक्षा सेवाएं** तथा **सफाई सेवाएँ** प्रदान करने हेतु स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय कबीरधाम (छ.ग.) की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी एजेंसियों से मैनुअल पद्धित से पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा दस्तावेज जिसमें प्रात्रता मानदंड, कार्य का दायरा, शर्तें और मसौदा समझौता आदि कार्यालय में एजेंसी के लेटर हेड में **सुरक्षा सेवाएं** तथा **सफाई सेवाएँ** हेतु **पृथक-पृथक** आवेदन प्रस्तुत कर **पृथक-पृथक सुरक्षा सेवाएँ तथा सफाई सेवाएँ हेतु रूपये 1500/- (रूपये एक हजार पांच सौ मात्र)** का प्राचार्य शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, कबीरधाम के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक अथवा किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक का) जमा कर निम्न विवरणानुसार तिथियों में प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री की प्रारंभ तिथि | 23.01.2024 | समय 10.30 बजे से |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | 01.02.2024 | समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 01.02.2024 | समय 5.30 बजे सायंकाल तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 06.02.2024 | सुरक्षा सेवा हेतु समय प्रातः 09.30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | 06.02.2024 | सफाई सेवा हेतु समय दोपहर 12.30 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान | शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, वीर सावरकर भवन के पास कबीरधाम छ.ग. | |
| निविदा खोलने का स्थान | शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, वीर सावरकर भवन के पास कबीरधाम (छ.ग.) | |

नोट - सीलबन्द लिफाफा के ऊपर में "Tender for Safai Service" स्पष्ट उल्लेख करें।
नोट - सीलबन्द लिफाफा के ऊपर में "Tender for Surksha Service" स्पष्ट उल्लेख करें।

प्राचार्या
स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति
शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय
कबीरधाम (छ.ग.)

जी- 07267/4

# कांग्रेस के कई बड़े विकेट गिरेंगे

## बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता भाजपा के संपर्क में

**रायपुर, 23 जनवरी।** कांग्रेस के कई बड़े नेता व कार्यकर्ता भाजपा के संपर्क में हैं। बड़ी संख्या में कांग्रेस के बड़े विकेट गिरेंगे। यह दावा पूर्व मंत्री व कुरूद से भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने किया है। कांग्रेस के कई बड़े चेहरे भाजपा में आने को आतुर हैं। ऐसी चर्चा है कि अयोध्या में श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा में कांग्रेस के नहीं जाने के फैसले से कांग्रेसजन नाराज हैं। इसके अलावा हिन्दुओं के मामले में दिग्गज कांग्रेस नेताओं की भूमिका ने पार्टी के अंदर विद्रोह पैदा कर दिया है। पार्टी का नेतृत्व कमजोर पड़ गया है। कांग्रेस दुर्बलता की ओर बढ़ रही है। पार्टी में सही नीति सिद्धांत व उद्देश्य का अभाव हो गया है। कार्यकर्ता खुद को असहाय समझने लगे हैं। यही सब वजह है कि कांग्रेस में टूट की नौबत आ गई है। लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस में कई स्थान खाली हो जाएंगे। चौकाने वाले चेहरे भाजपा का दामन थाम लेंगे। कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी, जोगी कांग्रेस, बसपा व सपा के लोग भी भाजपा में शामिल होने को तैयार हैं। पूर्व में भाजपा से इस्तीफा दे चुके नेताओं सहित टिकिट से वंचित व निलंबित किए गए कांग्रेसी भाजपा के संपर्क में हैं।



**रायपुर 23 जनवरी।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बालाजी गार्डन रेसिडेंस में उपाध्यक्ष श्रुति अग्रवाल के साथ महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। रंगोली स्पर्धा का आयोजन कर राम दीप जलाए गए। इस अवसर पर समाज सेवी पूर्व पार्षद रमेश आहूजा मौजूद थे।

## एक नजर

### नाबालिग लापता

**रायपुर, 23 जनवरी ।** रावाभाठा खमतराई में अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रावाभाठा खमतराई निवासी 40 वर्षीय पीड़ित ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अज्ञात व्यक्ति ने बहला फुसलाकर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 23 जनवरी ।** विधानसभा पुलिस ने ग्राम नरदहा में अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नरदहा स्थित अटल चौक के पास एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रमोद कुमार गायकवाड़ 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### प्रतिबंधित कैप्सूल बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 23 जनवरी।** आजाद चौक पुलिस ने आमापारा तालाब के पास प्रतिबंधित कैप्सूल बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि आमापारा तालाब गार्डन के गेट के पास एक युवक प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी वासुदेवदास भासत 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 288 नग कैप्सूल जब्त किया है। जिसकी कीमत 1872 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### 15 जुआरियों से 1.20 लाख जब्त

**रायपुर, 23 जनवरी।** परसाखोला पिकनिक स्पॉट में आम जगह पर खुलेआम जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 20 हजार रुपए नगद बरामद करते हुए जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने जब यहां दबिश दी तो आरोपी सनत कुमार, कृष्णा पटेल, राजकुमार, राकेश तांती, अनिल मनचंदा, जाकिर खान, अरूण सावं, मोह. कलीम, लक्ष्मीनारायण, शरद साहू, अमरनाथ, बादल सिंह, शेख रिजवान, मंसूर शेख, शहादत अली शामिल थे। जिनके पास से कुल जुमला रकम 1,20,000/- रू. (एक लाख बीस हजार रूपये) जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूध्द धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर कार्यवाही किया गया है।

### सनातन धर्म के नए अध्याय का सूत्रपातः अशोक बजाज



**रायपुर 23 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक अशोक बजाज ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सनातन धर्म के नए अध्याय का सूत्रपात हो गया है। लंबे अंतराल के बाद यह सौभाग्य और गौरव हासिल हुआ है. उन्होंने कहा कि इस यादगार को क्षण को अक्षुण्ण बना कर रखें ताकि आने वाली पीढ़ी सदा सदा याद रखें। श्री बजाज ने कारसेवा के अपने अनुभव साझा करते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन में शहीद होने वाले कारसेवकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी की दृढ इच्छाशक्ति से कारसेवकों की कुर्बानी सार्थक हुई है तथा आज उनकी आत्मा को शांति मिल गई है. श्री बजाज ने प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर अभनपुर, निमोरा, केन्द्री, झांकी, उरला, पचेड़ा, थनौद, सुंदरकेरा, उमरपोटी, आलेखूंटा, सोंठ एवं परसदा आदि ग्रामों का भ्रमण किया तथा उनके जश्न में शामिल होकर रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया।

### निधन

### सरिता पांडे



**रायपुर।** बम्हनी वाले कमलेश पांडे वकील की धर्मपत्नी श्रीमती सरिता पांडे का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बम्हनी जिला महासमुंद में दोपहर 2:00 बजे किया गया। वह सामर्थ पांडे एवं सृष्टि पांडे की माता एवं ऋषि पांडे किशोर पांडे की भाभी थी।

## प्राण प्रतिष्ठा पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में दीपावली जैसा नजारा

**रायपुर 23 जनवरी।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट ने कहा कि रामलला की तीन प्रतिमाएं बनी है, लेकिन एक प्रतिष्ठित की गई है, शेष दो प्रतिमाओं में से एक दी जाती है तो राम जी के ननिहाल छत्तीसगढ़ में एक भव्यातिभव्य श्री राम मंदिर बनाकर प्रतिष्ठित किया जाएगा श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में शुद्ध घी के दीपक प्रज्वलित किया गया, जिसके लिए गुजरात पालितना से विशेष बाती मंगवाई गई थी। मंदिर दादाबाड़ी परिसर व भैरव सोसायटी में दीपावली जैसा माहौल है। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि रामलला की तीन प्रतिमाएं बनी है, लेकिन एक प्रतिष्ठित की गई है, शेष दो प्रतिमाओं में से एक दी जाती है तो राम जी के ननिहाल छत्तीसगढ़ में एक भव्यातिभव्य मंदिर बनाकर प्रतिष्ठित किया जाएगा। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव मनाया गया। श्री राम ध्वज सभी घरों में लगाया गया। भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आज सभी का मुंह मीठा कराया गया।



## पुरखौती मुक्तांगन में अयोध्या की तर्ज पर बनेगा कौशल्या धाम

**रायपुर 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अयोध्या में तैयार किए गए राम मंदिर की प्रतिकृति तैयार की जाएगी। संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कौशल्या माता धाम में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा आयोजित रामोत्सव के आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में भव्य और दिव्य राम मंदिर प्रतिकृति तैयार की जाएगी। यह अयोध्या में बनाए गए राम मंदिर की हुबहू प्रतिकृति होगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की तर्ज पर कौशल्या माता धाम का भी विकास किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल और सांसद श्री सुनील सोनी ने माता कौशल्या पर आधारित विशेष डाक टिकिट विमोचन किया। इस मौके पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब भी विशेष तौर पर उपस्थित थे।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने रामोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में उमंग और उत्साह का वातावरण है। यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। छत्तीसगढ़ राज्य के भांजा श्री रामलला का आज अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हुआ और 550 वर्षो का इंतजार खत्म हुआ है। उन्होंने ने कहा कि प्रभु श्री राम के जीवन के बारे में सभी को जानना है और उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारना है। प्रभु राम की ही कृपा है कि आज अयोध्या में श्री राम के मंदिर का निर्माण हुआ। छत्तीसगढ़ रामलला के ननिहाल है, और मैं गर्व से कह सकता हूं कि देश के एकमात्र कौशल्या माता जी का मंदिर सिर्फ कौशल्या धाम चंद्रखुरी में है और ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह कौशल्या माता के जनभूमि है तो प्रभु श्री राम अपने मामा घर कई बार आए होंगे, हम सौभाग्य शाली है कि प्रभू राम छत्तीसगढ़ के मिट्टी में खेले-कूदें है। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राचीन समय का कोसल प्रदेश है और प्रभु राम वनवास काल में सरगुजा से लेकर बस्तर तक पैदल चल-चल कर 14 वर्षो में से 10 से अधिक वर्ष छत्तीसगढ़ के पावन धरा में व्यतीत किए हैं, यहां को अनेक स्थलों से गुजरे और रुके है इस दौरान प्रभु श्री राम को माता सबरी ने चख-चख कर मीठे बेर खिलाए है। छत्तीसगढ़ के धरती को माता कौशल्या और प्रभु श्री राम के आशीर्वाद है और छत्तीसगढ़ देश का सबसे विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। विगत 550 वर्षो के सपनो को पूरा करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का देश को एक तोहफा है। प्रभु राम जन-जन, कण-कण में बसे हैं। हम लोग हमेशा बात करते थे की रामराज्य आयेगा और आज रामराज्य आ गया है अब सभी वर्गों को न्याय मिलेगा, सबको घर मिलेगा, सबको पानी मिलेगा, राशन मिलेगा, सबको रोजगार मिलेगा, बिजली मिलेगा अब सबका सपना साकार होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार श्री राकेश तिवारी एवं साथी द्वारा राम वन गमन नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा श्रीमती गोपा सान्याल एवं साथी द्वारा राम भजन, श्रीमती अल्का चंद्राकर एवं साथी द्वारा भजन, जसगीत एवं लोकगीत के साथ ही अनेक मानस मंडली द्वारा मानस गायन की रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

## एम्स में ठेका कर्मचारियों की हड़ताल

- मरीजों को हो रही परेशानी, प्रबंधन पर लगा आरोप

**रायपुर 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के राजधानी रायपुर स्थति एम्स में कार्यरत 500 ठेका कर्मचारी काम का बहिष्कार कर रहे है। 500 ठेका कर्मचारी अचानक हड़ताल पर बैठ गए। वहीं कर्मचारियों का प्रबंधन पर आरोप है कि, वे आउटसोर्सिंग कंपनी के जरिये 10-10 साल से नौकरी कर रहे है, लेकिन उन्हें अकारण नौकरी से हटाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर द्वारा मिशन रिक्रूटमेंट के तहत जिन पदों पर आऊटसोर्स कर्मचारी हैं, उन्हीं पदों कि नियमित भर्ती की गई एवं एम्स रायपुर द्वारा कार्यालय आदेश जारी किया गया हैं। इसमें नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति के पहले आऊटसोर्स कर्मचारियों की सेवा बंद करने का आदेश जारी किया है और एम्स प्रशासन द्वारा हमारे अनुभव और सेवाओं को अनदेखा किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि, मिशन रिक्रूटमेंट के तहत रोजगार देने की बात की जा रही हैं, वही दूसरी ओर एम्स प्रशासन के द्वारा वर्षों से कार्यरत आऊटसोर्स कर्मचारियों को बेरोजगार किया जा रहा हैं। इसमें हम कर्मचारियों में असंतोष और भय व्याप्त हैं कि, हम अपने परिवार का भरण-पोषण आखिर कैसे करेंगे ? मिली जानकरी के मुताबिक, कर्मचारियों ने एम्स निदेशक से भी इस मुद्दे पर बातचीत की लेकिन जब कोई रास्ता नहीं निकला तो कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए। वहीं इन कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से ओपीडी और आईपीडी की सेवाएं ठप हो गई हैं। जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को जयंती पर नमन किया

**रायपुर, 23 जनवरी ।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने राजभवन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक थे। उनके राष्ट्र के प्रति त्याग एवं बलिदान की भावना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और दशा प्रदान की। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, देश को आजाद देखने की प्रबल भावना और उनके अदम्य साहस भरे कदमों ने तत्कालीन समय में देश में विशेष कर युवाओं में एक नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया था। वे दूरदृष्टि रखते थे और देश को स्वतंत्र कराने की रणनीति तैयार की। इसके लिए उन्होंने देश भी छोड़ दिया। नेताजी ने आजाद हिन्द फौज की कमान संभालने के बाद देश की आजादी से पहले ही अंडमान निकोबार में अस्थाई सरकार बनाई और भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। इस कदम से उन्होंने अंग्रेजों को कड़ा संदेश दिया था कि भारत में अंग्रेजी शासन ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा''।

राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का ओजस्वी व्यक्तित्व, अभूतपूर्व संगठन क्षमता, साहस, निष्ठा एवं नेतृत्व के अद्भुत गुण हमेशा याद किए जाएंगे। उनके विचार एवं आदर्श हमारे लिए धरोहर की तरह हैं। आजादी की लड़ाई में हम उनके योगदान को कभी नहीं भूला सकते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो, विधिक सलाहकार श्री राजेश श्रीवास्तव सहित राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## मुख्यमंत्री एवं नवनिर्वाचित ब्राह्मण विधायकों का 24 जनवरी को होगा अभिनंदन

**रायपुर 23 जनवरी।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा मुख्यमंत्री एवं नवनिर्वाचित ब्राह्मण विधायकों के अभिनंदन के लिए 24 जनवरी को संध्या 6:30 बजे विप्र भवन समता कॉलोनी में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है।

छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत की गरिमामय उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ,ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित विधायक अनुज शर्मा ,सुशांत शुक्ला ,पुरंदर मिश्रा एवं भावना बोहरा का ब्राह्मण समाज अभिनंदन एवं सम्मान करेगा। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के प्रमुख नरेन्द्र तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज सदैव प्रदेश के विकास के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग करने के लिए तत्पर रहता है। अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## राज्यपाल राजधानी में, सीएम जगदलपुर में करेंगे ध्वजारोहण

**रायपुर, 23 जनवरी।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन राजधानी रायपुर में ध्वजारोहण करेंगे। वहीं राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जगदलपुर और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव में ध्वजारोहण करेंगे। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री अरूण साव बिलासपुर में तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग में आयोजित में ध्वजारोहण करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल महासमुंद, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर-रामानुजंगज जिले में, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बेमेतरा, वनमंत्री केदार कश्यप नारायणपुर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कोरबा, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में ध्वजारोहण करेंगे।

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी रायगढ़, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सरगुजा संभाग के मुख्यालय अंबिकापुर, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में, सांसद गुहा राम अजगले सक्ती, सांसद विजय बघेल बालोद, सांसद मोहन मण्डावी कांकेर, सांसद सुनील सोनी सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में, सांसद संतोष पाण्डेय खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई जिले में, सांसद चुन्नी लाल साहू गरियाबंद, विधायक धरमलाल कौशिक मुंगेली, विधायक अमर अग्रवाल जांजगीर-चांपा जिले तथा विधायक अजय चंद्राकर धमतरी में ध्वजारोहण करेंगे।

## प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला

**रायपुर 23 जनवरी।** प्रदेश में बीते दिनों एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदला हुआ है. रायपुर और कवर्धा में सुबह बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया है. दुर्ग-भिलाई सहित कुछ जिलों में बादल छाए हुए हैं.

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ और जशपुर में मंगलवार को हल्की बारिश की संभावना जताई गई है.ऐसा नमी युक्त हवाओं के आने के कारण हो रहा है. अगले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रह सकता है. मौसस वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक अगले 48 घंटों में रात के तापमान कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है. इसके बाद तीन डिग्री तक तापमान में गिरावट आ सकती है.सोमवार को अंबिकापुर 5 डिग्री के साथ सबसे ठंडा और दंतेवाड़ा 39.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा.

## अयोध्या नगरी को कौशल्या धाम टेकारी की बेटी अंतरा भी संवार रही

**रायपुर 23 जनवरी।** भगवान राम के ननिहाल माता कौशल्याधाम चंदखुरी के निकट टेकारी-करही के भूतपूर्व मालगुजार स्व. श्री चंडीप्रसाद उपाध्याय की प्रपौत्री, स्व. श्री दुर्गाप्रसाद उपाध्याय एवं श्रीमती चंद्रमुखी उपाध्याय की पौत्री तथा श्री अरुण शर्मा एवं श्रीमती प्रज्ञा शर्मा की पुत्री युवा आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा इन दिनों अयोध्या को संवार रही है। आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा अयोध्या के पुराने मठ-मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ वहां जन सुविधाएं बढ़ाने में जुटी हुई है। अब तक अंतरा शर्मा अयोध्या में दशरथ महल, रंग महल और राम कचहरी आदि को संवार चुकी हैं।




युवा आर्किटेक्ट अंतरा शर्मा ने बताया कि उनकी फर्म कबीरा और मेरीगोल्ड को अभी अयोध्या में 37 मठ-मंदिरों का काम मिला हुआ है, जिसे वह तत्परता से संवारने में जुटी हुई है। अंतरा शर्मा ने बताया कि अयोध्या में उनके कामों को इतना अधिक पसंद किया जा रहा है, कि उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से उन्हें 106 मठ-मंदिरों का नया प्रोजेक्ट भी मिलने की संभावना है, जिसे जल्द ही वे संवारने पर जुट जाएंगी।

## श्री राम का रूप धरे बच्चे को देखकर सीएम गदगद

रायपुर 23 जनवरी। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ समेत पूरे देश में उत्सव का माहौल रहा। राजधानी रायपुर स्थित दूधाधारी मठ पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्कूल शिक्षा, संस्कृती- धर्मस्व मंत्री राम-दरबार का दर्शन किया। इस अवसर पर अर्पण दिव्यांग स्कूल के बच्चे ने श्रीराम का रूप धारण कर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व राजेन्द्र नगर के बजाज कॉलोनी में स्थित स्कूल में श्रीराम के रूप धारण किए स्कूली बच्चे का पूजा-पाठ कर रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि 500 साल पुराने राजधानी रायपुर स्थित दूधाधारी मठ में आने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। दूधाधारी मठ के प्रमुख राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने कहा कि आज दूधाधारी मठ को अयोध्या का स्वरूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि राम नवमी, कृष्ण जन्माष्टमी और विजयादशमी के विशेष अवसर पर ही साल में तीन बार दूधाधारी मठ में स्वामी बालाजी और श्रीराम जानकी को स्वर्ण श्रृंगार से सुसज्जित किया जाता है।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26